उल्टा पुल्टा

बेटी : मैं पड़ोसी से प्यार करती हूं और भाग रही हूं उसके साथ..!!
बाप : थैंक गॉड...मेरे पैसे और समय दोनों बच गए..!
बेटी : पापा, मैं लेटर पढ़ रही हूं, जो मम्मी रख के गई है...!!!
पिता बेहोश...

# कैपिटल ज़ोन

## राजधानी के पर्यटन को लगा प्रदूषण का ग्रहण

### खराब एक्यूआई से राजधानी में विदेशी पर्यटकों की संख्या घटी, कारोबार ठप

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदूषण के चलते विदेशी पर्यटक राजधानी घूमने नहीं आ रहे हैं। इससे टूर-ट्रैवल के कारोबार में असर देखने को मिल रहा है। प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होने से विदेशी पर्यटकों की भारत यात्रा को पुनर्निर्धारण, मार्ग परिवर्तन और रद्द करना पड़ रहा है। क्योंकि वे अपनी यात्रा योजना से दिल्ली को हटा रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती संख्या भ्रमण के बजाए पहाड़ी स्टेशनों का विकल्प चुन रहे हैं। जिससे हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, कश्मीर, गोवा व लद्दाख जा रहे हैं।

अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, इजराइल व मैक्सिको समेत अन्य देशों के सैलानी सर्दी के मौसम में यहां घूमने आते हैं, लेकिन वायु प्रदूषण बढ़ने से सैलानी यहां आने से बच रहे हैं। ट्रैवल एजेंसियों और टूर ऑपरेटरों का कहना है कि प्रदूषण के कारण दिल्ली में विदेशी पर्यटकों की आमद 30 से 35 फीसदी कम हो गई है। दिल्ली टैक्सी एंड टूरिस्ट ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष संजय सम्राट ने बताया कि है कि एफटीए (विदेशी पर्यटक आगमन) नवंबर-दिसंबर में सबसे अधिक होता है, लेकिन इस साल इस अवधि के दौरान पर्यटकों की आमद में 30 फीसदी की कमी आई है। वह बताते है जो पर्यटक आ रहे है, लेकिन उनकी संख्या में गिरावट है। राजधानी में हवा की दिशा बदलने



■ राजधानी के 25 इलाकों में हवा रही बेहद खराब श्रेणी में

व गति तेज होने से प्रदूषण के स्तर में तीसरे दिन भी गिरावट दर्ज की गई। लेकिन, अब भी वायु सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है। दिल्ली के अधिकतर इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी हुई है। सोमवार को एक बार फिर एनसीआर में दिल्ली की हवा सर्वाधिक प्रदूषित दर्ज की गई है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 310 दर्ज किया गया, जोकि बेहद खराब श्रेणी है। सोमवार को सुबह से ही कोहरा छाया रहा। शहर भर में 25 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। वहीं, 10 इलाकों में हवा खराब श्रेणी में रही। दिल्ली की हवा समग्र रूप से बेहद खराब श्रेणी में बनी रही। कमोबेश यही स्थिति गुरुवार तक बने रहने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि हवा की गति में सुधार आया है, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक में कमी देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि हवा की गति और बढ़ती है, प्रदूषण में कमी आएगी। भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक सोमवार को हवा उत्तर-पश्चिम से उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार से छह किलोमीटर प्रतिघंटे रही। मंगलवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति चार से 10 किलोमीटर प्रतिघंटे रहने के आसार हैं। वहीं, सुबह के समय धुंध व कोहरा छाए रहने की आशंका है। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में बनी रहेगी। बुधवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चलेगी। इस दौरान हवा की चाल चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। गुरुवार को हवा उत्तर पश्चिम दिशा से चलने की आशंका है। इस दौरान हवा की गति चार किलोमीटर प्रति घंटे रहने की उम्मीद है। सफर इंडिया के मुताबिक सोमवार को दिल्ली में पीएम 2.5 की मात्रा लगभग 125 दर्ज की गई। वहीं, पीएम 10 की मात्रा करीब 217 दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक दिल्ली में सोमवार को 25 इलाके में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इनमें नेहरू नगर में 382, द्वारका सेक्टर 8 में 367, मुंडका में 346 व रोहिणी में 344, न्यू मोती बाग में 343 व पंजाबी बाग में 341 सूचकांक दर्ज किया गया। साथ ही, दस इलाकों में हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। यहां मंदिर मार्ग व नरेला में 300, आईटीओ में 293, डीटीयू में 284, दिलशाद गार्डन में 283, बुराड़ी क्रॉसिंग में 276 व लोधी रोड में 272 सूचकांक दर्ज किया गया। जोकि खराब श्रेणी है।

### विदेशी पर्यटकों से दूर हो रही दिल्ली

खराब हवा के चलते दिल्ली विदेशी पर्यटकों से दूर हो रही है। सरोजिनी नगर के ट्रैवल एजेंट सुमित ने बताया कि जिन सैलानियों की दिल्ली आने की योजना थी, वे वायु प्रदूषण के कारण आने से कतरा रहे हैं। यहां तक की दिल्ली की टिकट भी रद्द करवा रहे हैं। पहले से बुकिंग की गई गाड़ियों को भी रद्द कर रहे हैं। वह कहते हैं कि विदेशी पर्यटक गोवा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड जैसे राज्यों को तरजीह दे रहे हैं, जहां की हवा दिल्ली से काफी अच्छी है।

## सफदरजंग अस्पताल में अपग्रेड होगी गहन देखभाल चिकित्सा सुविधा

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। गंभीर मरीजों के उपचार के लिए सफदरजंग अस्पताल में गहन देखभाल चिकित्सा सुविधा को अपग्रेड करेगा। इसके लिए अस्पताल से जुड़े वर्धमान मेडिकल कॉलेज में क्रिटिकल केयर मेडिसिन में डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन (डीएम) का पाठ्यक्रम अगले साल से शुरू होना है। कोर्स को शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है। डीएम के शुरू होने के बाद मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को गहन देखभाल चिकित्सा की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। इसमें आईसीयू में भर्ती गंभीर व अति गंभीर मरीजों के इलाज की विधि को सिखाया जाएगा।

साथ ही बताया जाएगा कि आईसीयू में भर्ती मरीजों में किस तरह की परेशानी होती है और उन्हें कैसे दूर किया जा सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना महामारी के बाद आईसीयू में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसमें ऐसे मरीज भी हैं जो कई रोगों से पीड़ित हैं और कोरोना ने उन रोगों को गंभीर कर दिया। इन मरीजों की अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता उन गंभीर स्थिति से लड़ने के लिए सक्षम नहीं होती और मेडिकल उपकरण की मदद से अतिरिक्त इलाज देना पड़ता है। गहन देखभाल चिकित्सा विभाग के डॉक्टर ऐसे उपचार के लिए पूरी तरह प्रशिक्षित होते हैं। अस्पताल के सूत्रों का कहना है कि सफदरजंग




■ क्रिटिकल केयर मेडिसिन में डॉक्टरेट ऑफ मेडिसिन का शुरू होगा पाठ्यक्रम

में गहन देखभाल चिकित्सा विभाग को अपग्रेड करने की जरूरत है। मरीज को बचाने के लिए गहन चिकित्सा विभाग हर संभव इलाज उपलब्ध करवाया जाता है। यह अस्पताल का एक ऐसा विभाग है जिसमें न केवल मरीजों का इलाज होता है बल्कि इनकी देखरेख में भी कोई कसर नहीं छोड़ी जाती।

डॉक्टरों का कहना है कि मरीज की स्थिति खराब होने के बाद उन्हें आईसीयू पर भर्ती करना पड़ता है। आईसीयू की मदद से शरीर की क्रियाओं को सामान्य बनाने रखने के लिए कृत्रिम सहारा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में इलाज को बेहतर बनाने के लिए डॉक्टरों को उन्नत बनाने की जरूरत है।

## सार संक्षेप

### पूर्व महापौर ने दलितों को जोड़ने का अभियान चलाया



**नई दिल्ली।** सेवा सुशासन और जन कल्याण के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा। इस अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लोगो को लाभ मिल सके। इस अभियान के तहत पूर्व महापौर जय प्रकाश ने सदर बाजार विधान सभा क्षेत्र में झुग्गियों वासियों और दलितों को इस अभियान से जोड़ा। जय प्रकाश ने बताया की विकसीत भारत विकास यात्रा के तहत सभी बस्तियों में जहां-जहां मेला लगा वहाँ लोगों की मदद की। ताकि अभियान का लाभ सभी जरूरत मंद लोगों तक पहुंचाने में मदद मिले।

### निगम प्राथमिक स्कूलों की सीसीटीवी कैमरे से होगी निगरानी

**नई दिल्ली।** नगर निगम के प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों के लिए सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर किया जा रहा है। दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग की ओर से 786 निगम प्राथमिक स्कूलों में कुल 10, 786 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक स्कूलों में 15 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे। कैमरों को इंटरनेट से जोड़ने के लिए 50 एमबीपीएस का इंटरनेट कनेक्शन भी लगाया जाएगा। इससे स्कूलों की निगरानी की जा सकेगी। कैमरों की वीडियो रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखने के लिए 2 टेरा बाइट की हार्ड डिस्क भी साथ में लगेगी। निगम के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद स्कूलों पर हर वक्त नजर रखी जा सकेगी। कैमरों में मोशन सेंसर होने के कारण कोई भी हलचल होने पर वीडियो रिकॉर्डिंग होगी। स्कूल के प्रवेश द्वार, पार्क इलाके में, कक्षाओं के बाहर व अन्य महत्वपूर्ण जगहों पर कैमरे लगेंगे। 4 वर्ष के लिए इस पूरे प्रोजेक्ट के रखरखाव व अन्य प्रबंधन को लेकर लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### मतदाताओं के नामांकन की सुविधा के लिए विशेष शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** मतदाता सूची में नाम खोजने, मतदाता पहचान पत्र के लिए नामांकन, मतदाता पहचान पत्र में सुधार, नाम हटाने जैसी हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए दिल्ली मुख्य निर्वाचन कार्यालय ने 2 और 3 दिसंबर को दिल्ली के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए। ये शिविर राष्ट्रीय राजधानी में कुल 13,637 मतदान केंद्रों में लगाये गए। सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पी. कृष्णमूर्ति ने बताया कि इन विशेष शिविरों में की गई व्यवस्थाओं को देखने के लिए सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम) ने भी अपने अधिकार क्षेत्र में पडने् वाले इन शिविरों का दौरा किया। साथ ही सीईओ कार्यालय की कई टीमों ने इन शिविरों का निरीक्षण किया। इन शिविरों में 13000 से अधिक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) भी तैनात किये गये थे।

### नवविवाहिता ने लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के निहाल विहार इलाके में एक नवविवाहिता ने अपने ससुर पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने बताया कि इसी साल जून माह में उसकी शादी हुई थी। पीड़िता ने आगे बताया कि शादी के बाद से ही ससुर उसे परेशान करने लगे। वह अक्सर उसे गंदे इशारे करते रहते थे। 27 नवम्बर को वह घर में अकेली थी।

## अल्पसंख्यक संस्थानों के मामले में सरकार की भी मंशा ठीक नहीं : डॉ. खान

### ठप पड़ा है अल्पसंख्यक संस्थानों का काम

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। देश की राजधानी दिल्ली में अल्पसंख्यक संस्थानों की स्थापना अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से की गई थी, लेकिन आज इन संस्थानों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया जा रहा है। लोगों को उम्मीद थी कि वर्तमान केंद्र और राज्य सरकार इन संस्थानों के विकास के लिए नई योजनाएं बनाएगी और दोगुनी गति से काम होगा, लेकिन अफसोस की बात है कि अल्पसंख्यक संस्थानों का काम ठप पड़ा है। इन्हीं संस्थानों में से एक राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद एनसीपीयूएल है जहां से उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए काफी काम किया जाता है, लेकिन केंद्र सरकार ने पिछले दो सालों से



इसकी गवर्निंग बॉडी नहीं बनाई है जिसके कारण साहित्यिक गतिविधियां रुकी हुई हैं। इसके अलावा, एनसीपीयूएल के स्थायी निदेशक के अभाव के कारण संस्था पूरी ताकत से काम नहीं कर पा रही है। अल्पसंख्यक संस्थानों के मामले में केंद्र सरकार ही नहीं बल्कि दिल्ली सरकार की भी मंशा साफ नहीं है। उर्दू डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सैयद अहमद खान बताते हैं कि दिल्ली में उर्दू अकादमी, दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग और दिल्ली वक्फ बोर्ड, ये तीनों अपनी बेबसी के आंसू बहा रही हैं। दिल्ली वक्फ बोर्ड में तो चेयरमैन का पद 26 अगस्त 2023 से खाली है, बोर्ड के गठन में लगातार देरी होने से गरीब, जरुरतमंद और विधवा महिलाओं की मदद नहीं हो पा रही है। आए दिन वक्फ बोर्ड के इमाम अपनी सैलरी के लिए सड़कों पर प्रदर्शन करते नजर आते हैं, इमामों को 19 महीने में से सिर्फ पांच महीने की ही सैलरी मिली पाई है, इमाम अभी भी 14 महीने की सैलरी पाने के लिए वक्फ बोर्ड के दफ्तर के चक्कर काटने को मजबूर हैं। बोर्ड के गठन में देरी के कारण वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा में भी कमी देखी जा रही है।




■ नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन करते एक सार्वजनिक बैठक के दौरान दलित मुद्दे पर काम करने वाले विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता। फोटो इम्तियाज खान

## आप नेताओं को मोदी से लेनी चाहिए सीख : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि यह देखकर हैरानी होती है कि सांसद संजय सिंह जैसे आम आदमी पार्टी के नेता 5 राज्यों के चुनाव परिणाम से कोई सबक नहीं ले पा रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि हिंदी पट्टी के राज्यों की जनता ने आम आदमी पार्टी के नेताओं द्वारा प्रचारित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ व्यक्तिगत आरोप लगाने की नकारात्मक राजनीति को पूरी तरह से खारिज कर दिया है। सभी आम आदमी पार्टी उम्मीदवारों की



जमानत जब्त हुई है। अब समय आ गया है कि सांसद संजय सिंह पीड़ित कार्ड खेलना बंद करें क्योंकि वह दिन दूर नहीं जब उनकी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को भी शराब घोटाले में अपनी भूमिका के लिए अभियोजन का सामना करना पड़ेगा। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि आप नेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विपक्ष से की गई नकारात्मक राजनीति को छोड़कर लोगों के लिए काम करने की अपील से सीख लेनी चाहिए।

## राजधानी में चला 'मैं भी केजरीवाल अभियान'

### अभियान के चौथे दिन लोगों से मिलने पहुंचे आप नेता सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के मंत्री और आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता हर रोज दिल्ली के अलग-अलग वार्ड में जाकर मैं भी केजरीवाल अभियान में लोगों रायशुमारी कर रहे हैं। सोमवार को इस अभियान में दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने हिस्सा लिया और लोगों ने सवालों के जवाब जाने।

उन्होंने हस्ताक्षर अभियान मैं भी केजरीवाल में हिस्सा लेने की जानकारी देते हुए बताया कि मैं भी केजरीवाल जनमत संग्रह के चौथे दिन जनता के समक्ष जाकर पूछा कि ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे? या जेल से ही सरकार चलाए।



केजरीवाल सरकार के इस अभियान में सौरभ से पहले आतिशी और दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भी भाग लिया था और लोगों से कई सवालों को जवाब जाने थे। इस अभियान में आप सरकार के मंत्री और कार्यकर्ता नगर निगम के 250 वार्ड में लोगों के घर-घर जाकर मैं भी केजरीवाल अभियान में लोगों से पूछा कि क्या मोदी जी भ्रष्टाचार के खिलाफ हैं। क्या केजरीवाल को गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे देना चाहिए या जेल से ही सरकार चलानी चाहिए है। इन सभी सवालों के जवाबों और हर घर का ब्योरा एक बुकलेट में दर्ज किया जा रहा है। साथ ही गोपाल राय ने लोगों शराब घोटाले के बारे में जानकारी देते हुए बता रहे हैं कि यह घोटाला फर्जी है।

#### हस्ताक्षर अभियान के बाद करेंगे लोगों से रायशुमारी

एक दिसम्बर से शुरू हुआ आप का 'मैं भी केजरीवाल' हस्ताक्षर अभियान 20 दिसम्बर तक चलेगा। इस अभियान में आप सरकार के मंत्री, विधायक, पार्षद और पदाधिकारी दिल्ली के 2600 पोलिंग स्टेशनों में घर-घर जाएंगे और लोगों से चर्चा कर उनकी राय जानेंगे। इसके बाद 21 से 24 दिसम्बर तक विधायक और पार्षद सभी वार्डों में जनसंवाद करके भी जनता की राय लेंगे।

आयोजित | डीयू के हिंदू कॉलेज में सम्मेलन आयोजित

## युवाशक्ति के सहयोग से ही राष्ट्र का विकास होगा

नई दिल्ली, 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज में राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में 2008 बैच की आईएएस अधिकारी सोनल गोयल ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। हिंदू कॉलेज के सुशीला देवी ऑडिटोरियम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सोनल ने कहा कि हमारी सामर्थ्य वान युवा पीढ़ी की बदौलत विश्व में भारत के प्रति एक नया आकर्षण, नया विश्वास, नई आशा पैदा हुई है। अपने सम्बोधन में सोनल ने लाल किले की प्राचीर से दिए गए प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का भी जिक्र किया। छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सोनल गोयल ने कहा कि ।

■ सम्मेलन में आईएएस अधिकारी सोनल गोयल ने मुख्य अतिथि के तौर पर की शिरकत

डेमोग्राफी, डेमोक्रेसी और डाइवर्सिटी की ये त्रिवेणी भारत के हर सपने को साकार करने का सामर्थ्य रखती है। सोनल गोयल एक चर्चित आईएएस अधिकारी और सोशल मीडिया आइकन हैं।

लाखों युवा उन्हें एक रोल मॉडल के तौर पर सोशल मीडिया में फॉलो करते हैं। उनका मानना है कि देश के युवा, विश्व में तेजी से उभरते हुए नए भारत की नींव हैं। युवा शक्ति के सहयोग से ही राष्ट्र का विकास होगा। यही कारण है कि वो अलग-अलग माध्यमों से



युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करती रहती हैं।

कार्यक्रम में सोनल नेयुवाओं के लिए लिखी गई अपनी पुस्तक नेशन कॉलिंग का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अपनी इस पुस्तक में उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से लिखा है। साथ ही सिविल सेवा परीक्षाके मेंस इग्जाम और इंटरव्यू को क्रैक करने की रणनीति पर भी चर्चा की है। तैयारी के दौरान अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को संतुलित रखने के लिएकई गुरूमंत्र भी साझा किए हैं।

## राज्यसभा में राघव चड्ढा ने उठाया आईफोन स्नूपिंग अलर्ट का मुद्दा

**नई दिल्ली,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा 11 अगस्त को सदन से निलंबित कर दिए गए थे। सोमवार को 115 दिनों के बाद उनका निलंबन वापस हो गया। इसके बाद राघव चड्ढा संसद पहुंचे। यहां उन्होंने चर्चा में भाग लेते हुए आईफोन स्नूपिंग अलर्ट का मुद्दा उठाया। उन्होंने डाकघर संशोधन विधेयक, 2023 का विरोध किया और अक्टूबर में विपक्षी सदस्यों और पत्रकारों के आईफोन पर स्पाइवेयर सूचनाओं के मुद्दे पर प्रकाश डाला। चड्ढा ने इस मामले में पारदर्शी सरकारी प्रतिक्रिया और गहन जांच का आह्वान किया। कथित गोपनीयता उल्लंघनों पर चिंता व्यक्त करते हुए चड्ढा ने स्थिति की गंभीरता पर जोर दिया और इन अधिसूचनाओं की एक संयुक्त संसदीय समिति द्वारा जांच की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि नागरिकों के निजता के अधिकारों पर गंभीर प्रभाव को देखते हुए ऐसी जांच महत्वपूर्ण है। चड्ढा ने एक सांसद की निजता के अधिकार के



उल्लंघन पर सवाल उठाया और कहा कि अगर एक सांसद की निजता के अधिकार का इस तरह से उल्लंघन किया जा रहा है, तो एक आम नागरिक की क्या स्थिति होगी।

राघव चड्ढा ने सोमवार को चर्चा के दौरान राज्यसभा में कहा कि वह स्वयं भी आईफोन स्नूपिंग का निशाना थे। आम आदमी पार्टी के युवा सांसद ने इस पूरे मामले की जांच संयुक्त संसदीय समिति यानी जेपीसी से कराए जाने की मांग की है। बता दें कि कथित तौर पर 31 अक्टूबर को राघव चड्ढा सहित विपक्ष के कई नेताओं को ऐप्पल से एक अधिसूचना मिली थी।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने का तूफानी अभियान शुरू कर चुकी है। इसी के तहत स्कूलों में अत्याधुनिक भवन, फर्नीचर, टॉयलेट व अन्य सुविधा शुरू की जा रही हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए डिजिटल कक्षाएं भी शुरू की जा रही है। इसी कड़ी में नोएडा के सभी ब्लॉक में स्थित 120 सरकारी स्कूलों में संपर्क स्मार्ट शाला अभियान के तहत डिजिटल कक्षाएं शुरू की जाएगी।

**पंकज सिंह, मुख्य अतिथि विधायक**

## सीईओ ने किया औचक निरीक्षण



■ एक्सप्रेस वे पर ग्राम सुल्तानपुर के सामने बने अंडरपास को किया जाए चौड़ा

**नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने वर्क सर्किल -9 के विकास कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वर्क सर्किल 9 के वरिष्ठ प्रबंधक व अभियंता उनके साथ रहे। सीईओ ने वर्क सर्किल में एक्सप्रेस वे के सामानांतर 45 मीटर चौड़ी सड़क जहां सर्विस रोड से कनेक्ट हो रही है उन चौराहों पर सिविल एवं सौंदर्यीकरण कराने, फुटपाथों एवं सेंट्रल वर्ज पर लगे कर्व स्टोनों को ठीक करने, इंटरलॉकिंग टॉयल्स एवं फुटपाथों की मरम्मत करने के अलावा नोएडा एक्सप्रेस वे पर ग्राम सुलतानपुर के सामने बने अंडरपास को चौड़ा करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने एक्सप्रेस वे के सामानांतर निर्मित क्षतिग्रस्त नाले के भाग को आरसीसी में परिवर्तित करने, सेक्टर-166 व 167 के बीच सड़क का निर्माण, सेक्टर 164 में चल रहे समस्त सड़क एवं नालियों के कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने वर्क सर्किल 9 में नए सेक्टरों के विकास के लिए 45 व 30 मीटर चौड़ी सड़क के लिए भूमि चिन्हित करने, ग्राम छपरौली बांगर से दल्लूपुरा एवं उससे आगे जाने वाली मुख्य सड़क पर बढ़ते यातायात के दबाव को देखते हुए सड़क को चौड़ा करने के लिए कहा।

एडवांट के पास बने अंडरपास के पास पड़े मिट्टी के ढेर को हटाने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए सिंचाई नाले के ऊपर स्टोन पिंचिंग एवं नाले की सफाई तथा नालों में उगी झाडियों और शिल्ट को हटाया जाए। साथ ही सभी गोल चक्करों, ट्राइपोट पर आवश्यक सिविल कार्य एवं पेंट कराया जाए, जिससे नोएडा शहर साफ सुथरा और आकर्षित दिखे।

नोएडा प्राधिकरण में मुआवजा वितरण में हुआ कथित फर्जीवाड़ा मामला

# एसआईटी ने प्राधिकरण में जांच की शुरू

**नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में मुआवजा वितरण में हुए कथित फर्जीवाड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश के बाद स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने जांच शुरू कर दी है। सोमवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे एसआईटी के अध्यक्ष बोर्ड ऑफ रेवन्यू के चेयरमैन हेमंत राव, एडीजी मेरठ राजीव सभरवाल और मेरठ मंडल की कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे प्राधिकरण पहुंची। गार्ड ऑफ आर्नर के बाद टीम प्राधिकरण के बोर्ड रूम गई वहां फाइलों को खंगालने का काम शुरू किया।

■ 15 साल के जमीन अधिग्रहण व मुआवजा फाइलों को खंगाला जाएगा, 2010 का मंगाया रिकार्ड

शनिवार को पहले ही 2010 से अब तक की जमीन अधिग्रहण से संबंधित फाइलों को मंगवाया गया। जिनकी जांच की जा रही है। इसके बाद मुआवजा से संबंधित फाइलों को निकाला जाएगा। इस दौरान बोर्ड रूम में सीईओ, एसीईओ और वित्त विभाग और लैंड विभाग के अधिकारी मौजूद है। इससे पहले भी नोएडा प्राधिकरण में एसआईटी ने चार दिन तक नोएडा प्राधिकरण में रहकर मामले की जांच की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने 15 साल के मुआवजा वितरण और जमीन अधिग्रहण की जांच करने को कहा है। एसआईटी को अपनी रिपोर्ट चार सप्ताह में कोर्ट में देनी है। जांच विस्तार से होती है तो इसमें प्राधिकरण के भू लेख, वित्त से लेकर आला अधिकारियों के फंसने की नौबत आ सकती है। इस साल सितम्बर में प्रदेश सरकार ने गेझा मुआवजा से संबंधित प्रकरण में तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की थी।





**2010 से मंगाई गई फाइल**

दरअसल, पूर्व के शासन के काल में अतिरिक्त मुआवजे का खेल किया गया। करीब 100 करोड़ अतिरिक्त मुआवजा प्राधिकरण अधिकारियों ने किसानों के साथ मिलकर बांटा और आर्थिक लाभ कमाया। ये मामला 2015 के आसपास का है। जांच का दायरा अब बड़ा होगा। बात करे 30 मार्च 2002 से लेकर अब तक एसआईटी को मुआवजा और जमीन अधिग्रहण से जुड़े करीब 12 हजार से ज्यादा फाइलों की जांच करनी होगी। फिलहाल अभी 2010 की फाइलों को मंगवाया गया है।

### 2002 से अब तक किसानों से खरीदी और अधिग्रहीत जमीन के बदले दिया गया मुआवजा

प्राधिकरण ने 30 मार्च 2002 से अब तक 32 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया। ये जमीन 10 हजार 73 किसानों की है। इसके एवज में प्राधिकरण ने किसानों को 11 अरब 78 करोड़ 63 लाख से ज्यादा का मुआवजा बांटा। इसी तरह प्राधिकरण ने समझौते के आधार पर करीब 39 गांवों के 2480 किसानों से 3 अरब 12 करोड़ 55 लाख से ज्यादा मुआवजा 64.7 की दर से वितरित किया। इन सभी किसानों की फाइलों की जांच की जाएगी।

**किन-कि गांवों में कितने किसानों की जमीन की गई अधिग्रहीत इसे देखे**

इन 15 सालों और 2002 तक बादौल बांगर के 169, बादौली खादर के 344, सुथियाना के 469, कोंडली बांगर के 353, छजारसी के 417, रोहिल्लापुर के 455, सुल्तानपुर के 230, याकूबपुर के 193, बेगमपुर के 344, छपरौली बांगर के 278, सदरपुर के 981, लखनावली के 58, बहलोलपुर के 300, चोटरपुर के 187, नगलीनगला के 41, सलारपुर के 322, हल्दोनी के 118, झट्टा के 103, शाहपुर गोवर्धन खादर के 371, बसी बहाउद्दीनगर के 241, वाजिपुर के 373, शाहपुर गोवर्धन बांगर के 290, गुलावली के 327, रायपुर के खादर के 130, छलैरा बांगर के 13, गेझा तिलपताबाद के 3, गढ़ी चौखंडी के 59, पर्थला खंजरपुर के 327, नलगढ़ा के 6, शहदरा के 795, सोरखा जाहिदाबाद के 1371, अगरपुर जागीर के 405 किसान शामिल है। जिनको फाइलों को एसआईटी खंगालेगी।

**सार संक्षेप**

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में लदे आठ बोरे धान चोरी

**बुलंदशहर।** ककोड़ कोतवाली क्षेत्र के गांव अजयनगर निवासी ईश्वर चंद सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली में दस बोरे धान लदे हुए थे। अज्ञात चोर 29 नवम्बर की रात को आठ बोरे धान चोरी करके ले गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### ऑस्ट्रेलिया के प्रतिनिधिमंडल ने किया एमिटी का दौरा

**नोएडा।** ऑस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय का दौरा किया गया। एमिटी की ओर से मनोविज्ञान के क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों के क्षेत्र की जानकारी ली। प्रतिनिधिमंडल में मोनाश विश्वविद्यालय के चीफ कोर्स वर्क ऑफिसर डॉ. ग्रेगरी क्यूसैक और स्कूल ऑफ साइकोलॉजिकल सांइसेस के प्रमुख प्रो. शांता राजाल्नम शामिल थे। डॉ. ग्रेगरी क्यूसैक ने कहा कि दोनों संस्थान मनोविज्ञान के क्षेत्र में संयुक्त शोध, छात्रों के आवागमन एवं सेंटर स्थापित करने पर विचार कर रहे हैं।

### अब आठ तक चलेगा पीएमएमवीवाई योजना के लाभार्थियों के लिए 'विशेष पंजीकरण अभियान'

**नोएडा।** प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत चलाये गये विशेष पंजीकरण अभियान की समय सीमा बढ़ा दी गई है। अब यह अभियान आठ दिसम्बर तक चलाया जाएगा। पहले यह अभियान केवल दो दिन (29 नवम्बर और 1 दिसम्बर) के लिए चलाया गया था। इस बीच दो दिवसीय अभियान की भारत सरकार की टीम ने मॉनिटरिंग की। इस दौरान टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) बिसरख में आशा कार्यकर्ताओं और एएनएम को कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया और तकनीकी जानकारी दी। मॉनिटरिंग टीम में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के सचिव डॉ. प्रीतम सिंह, बेनजीर नवाज सहित एक अन्य अधिकारी शामिल रहे। इस दौरान योजना के नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मंजीत कुमार, सीएचसी बिसरख के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सचिन्द्र मिश्रा भी मौजूद रहे। दो दिवसीय अभियान में जनपद में 251 पंजीकरण हुए।

### पार्क में पेड़ से लटका मिला महिला का शव

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-121 स्थित पार्क में एक महिला का शव पेड़ से लटका मिला। वहां से गुजर रहे लोगों ने पेड़ से लटकी बाड़ी देखी तो पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारा। मृतका की पहचान ममता पत्नी सुनील पाल निवासी तिलक खेड़ा हरदोई हुई है। दोनों पति पत्नी गढ़ी चौखंडी के एक किराए के मकान में रहते थे। प्राथमिक जांच में आपसी विवाद के चलते ममता ने सुसाइड किया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस पीआरओ ने बताया कि मौके पर फॉरेंसिक टीम गई है। एरिया को सील कर दिया गया है। आस-पास गहन जांच की जा रही है। साथ परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में दम घुटने से ही मौत हुई है। गले पर रस्सी के निशान है।

## जनता दर्शन में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सुनी समस्याएं

**गाजियाबाद,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने नगर निगम मुख्य कार्यालय में अपने कार्यालय कक्ष में जनता दर्शन में नागरिकों की समस्याएं (साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था, पथ प्रकाश व्यवस्था इत्यादि) सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई कर आख्या/वस्तुस्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिया गए। जनता दर्शन के समय विभिन्न वार्डों में वार्ड-54, वार्ड-2, वार्ड-14, वार्ड-95 एवं वार्ड-7 के मा0 पार्षद भी अपने अपने वार्ड की समस्याओं (पार्क में नलकूप अधिष्ठापन, पानी की निकासी, नई सड़क निर्माण, क्षतिगत सड़कों का निर्माण, इंटर लॉकिंग टायल द्वारा खड़ंजे का निर्माण, पार्क की मरम्मत वा सौंदर्यकरण इत्यादि) के निस्तारण हेतु नगर आयुक्त से मिले। नगर आयुक्त द्वारा प्रत्येक वार्ड के पार्षद की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागाध्यक्ष की शिकायत पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने हेतु दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया गया तथा शिकायत के निस्तारण हो जाने के उपरांत पार्षद को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाए।



## प्रदेश व जिला स्तर पर जम्मू कश्मीर संयुक्त किसान मजदूर संगठन का किया विस्तार

**नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। अन्तरराष्ट्रीय शूटर किसान नेता संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित व संयुक्त किसान मजदूर संगठन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट दिनेश अवाना ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय कार्यालय नोएडा सेक्टर 93 में प्रदेश व जिला स्तर के जम्मू कश्मीर संयुक्त किसान मजदूर संगठन का विस्तार किया। संयुक्त किसान मजदूर संगठन जम्मू प्रदेश अध्यक्ष गुलजार हुसैन, संयुक्त किसान मजदूर संगठन कश्मीर प्रदेश अध्यक्ष सिराजुद्दीन खटाना, संयुक्त किसान मजदूर संगठन जम्मू प्रदेश महासचिव तालिब हुसैन बने। पुंछ जिले के जिलाध्यक्ष मोहम्मद असलम चेची, जिलाध्यक्ष युवा मोहम्मद साजिद, युवा जिला उपाध्यक्ष अरशद, जिला उपाध्यक्ष जावेद इकबाल, ब्लाक तहसील अध्यक्ष सुरनकोट मोहम्मद इकबाल व सभी पदाधिकारीयों को जिम्मेंदारी देकर पटका व टोपी पहन कर नियुक्ति पत्र दिया। और पूरे जम्मू-कश्मीर प्रदेश व जिला विधानसभा तहसील ब्लॉक स्तर में संगठन को विस्तार करने की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम पंडित, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभारी एडवोकेट दिनेश अवाना, राष्ट्रीय महासचिव शाहबुद्दीन, प्रदेश महासचिव नाहर सिंह भाटी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गौरव आधाना, एनसीआर युवा उपाध्यक्ष परवेज़, सुमित जाटव, संजीव, मयंक शर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।



## नोएडा के सभी सरकारी स्कूल बनेंगे स्मार्ट व डिजिटल

**नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा के सभी 120 सरकारी स्कूल अब स्मार्ट व डिजिटल हो जाएंगे। नोएडा विधायक पंकज सिंह ने सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कला केंद्र में संपर्क स्मार्ट शाला अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल व छात्रों को स्मार्ट क्लास के लिए मॉनिटर मॉडेम तथा डिजिटल गैजेट्स दिए। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प करने का तूफानी अभियान शुरू कर चुकी है। इसी के तहत स्कूलों में अत्याधुनिक भवन, फर्नीचर, टॉयलेट व अन्य सुविधा शुरू की जा रही हैं। बच्चों की पढ़ाई के लिए डिजिटल कक्षाएं भी शुरू की जा रही है। इसी कड़ी में नोएडा के सभी ब्लॉक में स्थित 120 सरकारी स्कूलों में संपर्क स्मार्ट शाला अभियान के तहत डिजिटल कक्षाएं शुरू की जाएगी Kउन्होंने कहा कि कोरोना कल में टीचर्स, पेरेंट्स मीटिंग (पीटीएम) को बंद कर दिया गया था। लेकिन अब से सभी स्कूलों में (पीटीएम) फिर से शुरू कर दी जाएगा। जिससे अभिभावक तथा शिक्षक अपने छात्रों को लेकर आपसी समन्वय स्थापित कर सकें। इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल पवार, संपर्क फाउंडेशन के अध्यक्ष विनीत नायर, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित त्यागी, खंड शिक्षा अधिकारी यशपाल सिंह, रश्मि, अशोक, कंचन बाला, अतुल सिंह, धर्मेंद्र चौहान समेत विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल तथा शिक्षक गण एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।



■ विधायक पंकज सिंह ने कहा कायाकल्प का अभियान शुरू

## होटल व बैंक्वेट में लगी आग, फायर ब्रिगेड ने आग में फंसे छह लोगों को बचाया

**गाजियाबाद,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। वसुंधरा सेक्टर-3 स्थित एक होटल व बैंक्वेट हाल में भीषण आग लग गई। जिस कारण वहां पर अफरा तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड ने आग में फंसे छह लोगों को सकुशल बचाने में सफलता हासिल की।



जिला मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल सिंह पाल ने बताया कि फायर स्टेशन वैशाली पर सूचना प्राप्त हुई कि एसजी होम सोसायटी के पास होली फील्ड स्कूल के सामने वसुन्धरा सेक्टर-3 मे रियल स्क्वायर भवन में बने किंग्सफोक होटल एंड बैंक्वेट में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर फायर स्टेशन वैशाली से 3 फायर टेंडर घटना स्थल के लिए रवाना किए गए घटना स्थल पर जाकर देखा कि आग रियल स्क्वायर भवन में बने किंग्सफोक होटल एंड बैंक्वेट के डेकोरेटिव एलीवेशन व केबिल में लगी थी। जिसको अग्निशमन यूनिट द्वारा पास की एसजी सोसायटी मे लगे सिस्टम व 4 अग्निशमन वाहनो की मदद से तत्काल नियन्त्रित कर पूर्ण रूप से बुझाया गया। भवन के लोअर ग्राउण्ड फलोर पर बैंक्वेट हॉल भूतल पर शॉप्स व ऊपरी कमरे, जिम व स्टोर आदि बने थे। धुएं से सम्पूर्ण भवन के प्रभावित होने के कारण भवन के ऊपरी तलो पर फंसे 5-6 व्यक्तियो को सकुशल बाहर निकाला गया। भवन के लोअर ग्राउण्ड फलोर पर बने बैंक्वेट हॉल मे कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें 50-60 लोग उपस्थित थें उक्त व्यक्तियो का आग व धुऐ बचाव करते हुए सकुशल बाहर निकाला गया। भवन में प्रथम दृष्टयता आग लगने का कारण शार्ट सर्किट प्रतीत हुआ।

# ड्रग्स तस्करी मामले में जेल से बाहर आए तीनों छात्रों की जमानत खारिज

**नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा पुलिस की मजबूत पैरवी के चलते ड्रग्स समेत अन्य मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में जेल से बाहर आए नामी विश्वविद्यालय के तीन छात्रों की अंतरिम जमानत न्यायालय ने खारिज कर दिया गया है। तीनों छात्र आदित्य, अपूर्व सक्सेना और सागर दोबारा जेल भेज दिए गए हैं। जमानत देते समय संबंधित न्यायालय की ओर से कहा गया था कि छात्रों के पास से कम मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुआ है और आगामी दिनों में इनकी परीक्षा है। ऐसे में छात्रों को अंतरिम जमानत दी जा सकती है। इस पर नोएडा पुलिस ने अपना पक्ष रखते हुए बताया था कि इस मामले में मात्रा के साथ यह भी देखना आवश्यक है कि इनके पास से जो मादक पदार्थ बरामद हुए हैं वह सामान्य ड्रग्स नहीं है। सभी मादक पदार्थ उच्च गुणवत्ता वाले हैं और इसकी आपूर्ति एक सिंडिकेट के तहत होती थी। जिसमें छात्रों की हिस्सेदारी और मुनाफा बराबर का होता था। तस्करी संबंधी छात्रों की चैट भी पुलिस ने इस दौरान रखी। पुलिस ने दूसरा पक्ष रखते हुए कहा कि जब छात्रों को प्रबंधन ने विश्वविद्यालय से निलंबित कर दिया है तो परीक्षा के आयोजन वाली बात स्वत: समाप्त हो जाती है।

■ फिर से जेल भेजे गए ड्रग्स तस्करी में शामिल छात्र

■ समक्ष न्यायालय के सामने नोएडा पुलिस ने रखा अपना पक्ष

कोर्ट ने पुलिस के दोनों पक्ष पर सहमति जताई और जमानत याचिका को खारिज कर दिया। जमानत मिलने के बाद ही नोएडा पुलिस ने इस मामले में फिर से अपना पक्ष रखने की बात कही थी। डीसीपी हरीश चंदर ने इस बात की पुष्टि की है कि जमानत पर बाहर आए तीनों छात्रों को फिर से जेल भेज दिया गया है। छात्रों को निलंबित करते हुए प्रबंधन ने कहा था कि जब तक मामले की जांच चल रही है आरोपी छात्र निलंबित रहेंगे।

**नाइजीरियन समेत तीन की तलाश जारी**

सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने एक सप्ताह पहले मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में नौ तस्करों को गिरफ्तार किया था। इसमें नामी विश्वविद्यालय के चार छात्र भी शामिल थे, जो प्रबंधन और कानून की पढ़ाई कर रहे हैं। इनकी निशानदेही पर भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुए थे। जिले के कॉलेजों और विश्वविद्यालय के छात्रों तक गांजा और चरस समेत अन्य मादक पदार्थ पहुंचाने वाले नाइजीरियन मूल के नागरिक समेत तीन आरोपी अब भी फरार हैं। इस मामले में सोमवार को नोएडा पुलिस ने दिल्ली समेत अन्य ठिकानों पर दबिश दी। हालांकि, आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। एडिशनल डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी का कहना है कि फरार आरोपियों के बारे में कुछ अहम जानकारी मिली हैं। जल्द ही तीनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जल्द ही नोएडा में एसएमएस व ओटीपी बेस्ड मोबाइल ऐप से दर्ज हो सकेंगी शिकायतें

**नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण में ऐप बेस्ड 'ग्रिवेंस रीड्रेसल मैनेजमेंट सिस्टम' लागू करने की तैयारी शुरू कर दी है। ऐंड्रॉयड व आईओएस ऑपरेटिंग सिस्टम वाले इस ऐप के डेवलपमेंट की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी। इसे यूजर फ्रेंडली इंटरफेस से युक्त बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। इस ऐप की खासियत यह होगी कि इसमें शिकायतकर्ता वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के जरिए लॉगिन कर सकेंगे और शिकायत दर्ज कराने के बाद एसएमएस के जरिए उन्हें वाद निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारी का मोबाइल नंबर, विवरण व अन्य संपर्क सूत्र दिया जाएगा। इतना ही नहीं, इस ऐप के जरिए शिकायतकर्ता चरणबद्ध तरीके से शिकायत के निस्तारण प्रगति की निगरानी भी कर सकेंगे। बता दे अभी तक नोएडा में ग्रिवेंस रीड्रेसल मैनेजमेंट प्रक्रिया को वेब पोर्टल व हेल्पलाइन के जरिए ही अंजाम दिया जाता रहा है, ऐसे में ऐप के सुचारू होने के बाद इसे मॉनिटरिंग इनेबल्ड बनाने के साथ ही ज्यादा पारदर्शी, सरल और असरदार बनाने में मदद मिलेगी।

■ नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने शुरू किया ऐप बेस्ड 'ग्रिवेंस रीड्रेसल मैनेजमेंट सिस्टम' के निर्माण व क्रियान्वयन पर काम

**क्लाउड बेस्ड ऐप होगा कई खूबियों से लैस**

नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण जिस यूजर फ्रेंडली इंटरफेस बेस्ड ग्रिवेंस रीड्रेसल मैनेजमेंट सिस्टम युक्त मोबाइल ऐप को लागू करने पर काम कर रहा है वह क्लाउड स्टोरेज इनेबल्ड ऐप होगा। कई खूबियों से लैस होगा। यह एमआईएस रिपोर्ट्स को भी केवल एक क्लिक में जेनरेट करने में सक्षम होगा। इसके अतिरिक्त, यह ऐप यूजर रजिस्ट्रेशन व प्रोफाइल मैनेजमेंट, ग्रिवेंस सब्मिशन, ऐस्केलेश मैट्रिक्स, वर्कफ्लो मैनेजमेंट, रिपोर्टिंग, यूजर फीडबैक मैकेनिज्म, केस का प्रायोरिटी के आधार पर निर्धारण व निस्तारण करने तथा यूजर फीडबैक मैकेनिज्म से युक्त होने के साथ ही ट्रेनिंग व रिसोर्सेस के सपोर्ट की प्रक्रिया को भी एग्जिक्यूट करने में सक्षम होगा। उल्लेखनीय है कि इस ऐप के निर्माण के लिए सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनियों को बतौर एजेंसी आबद्ध किया जाएगा। कार्यावंटन के उपरांत व इस ऐप के विकास, क्रियान्वयन व संचालन में प्राधिकरण की मदद करेंगे।

**प्राधिकरण का पारदर्शिता बढ़ाने पर फोकस**

नोएडा प्राधिकरण ऐप बेस्ड एडवांस्ड ग्रीवेंस रीड्रेसल सिस्टम के जरिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के संबंध में पारदर्शिता को बढ़ाना चाहता है। यह प्रणाली संबंधित विभागों के अनुसार विभागीय पद के क्रम को प्रदर्शित करके और शिकायतों को वर्गीकृत करके पारदर्शिता को बढ़ावा देगी। शिकायत निस्तारण के लिए यह ऐप दो स्टेप्स में काम करेगा। स्टेप-1 पर यह अधिकारी द्वारा शिकायत की गई कार्रवाई को अंकित करेगा। स्टेप 2 में विभाग प्रमुख से कार्रवाई पर अनुमोदन प्राप्त करने के साथ ही उन्हें पूरी प्रक्रिया की प्रगति से अवगत कराएगा। स्टेप-2 में अधिकारियों के लिए एक प्रावधान उपलब्ध होगा कि वे या तो प्रस्तावित कार्रवाई को स्वीकार कर सकते हैं या असंतोषजनक पाए जाने पर इसे अस्वीकार कर सकते हैं। यदि शिकायत को खारिज किया जाता है, तो शिकायत की लेवल 1 अधिकारी द्वारा फिर से जांच की जाएगी, और परिवर्तन करने के बाद प्रस्ताव फिर से प्रस्तुत किया जाएगा। शिकायतों की स्थिति की निगरानी के लिए उच्च पदस्थ अधिकारियों को एक डैशबोर्ड प्रदान किया जाएगा।

## दिल्ली की युवती के साथ दुष्कर्म मामले का एक और आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। स्वाट टीम ग्रामीण एवं थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दिल्ली की युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाला एक और शातिर अपराधी घायल हो गया। इसके साथ ही इस मामले के तीन और अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अब तक इस मामले में कुल पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया। उसे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घायल बदमाश का नाम इमरान है जो खानपुर का निवासी है। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) विवेक यादव ने बताया कि बाद मुठभेड़ गिरफ्तार अभियुक्त इमरान ने पुलिस पूछताछ में बताया कि दिनांक 30 नवम्बर की शाम को खानपुर के जंगलों में दो लड़कियां व एक लड़का खड़े थे जिनको देखकर मैंने अपने अन्य साथी बुलाए जिसमें मैने व मेरे अन्य दो साथियों ने एक लड़की को झाड़ियो में ले जाकर बारी-बारी से बलात्कार किया तथा मेरे अन्य 2 साथियो द्वारा दूसरी लड़की को झाड़ियो मे ले जाने की कोशिश की तब तक 1 गाड़ी आ गई थी और हम इनको छोड़कर भाग गए थे। गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। इस मामले के एक अन्य आरोपी को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया था। वह भी पुलिस की गोली से घायल हुआ था।



उवाच

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में रोजगार मेले में 20 से 25 प्रतिष्ठित कंपनियां सामिल होकर रोजगार के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा व बी.बी.ए. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। **मनीषा अत्री, सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी**

# कैपिटल ज़ोन

## यीडा के ग्रुप हाउसिंग की योजना में लागू होगा रोलओवर

**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ग्रुप हाउसिंग की योजना में रोलओवर लागू करेगा। इसके लिए आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा जाएगा। रोलओवर लागू होने से योजना को दो बार बढ़ाकर आवंटन किया जा सकेगा। प्राधिकरण ने दो बार योजना निकाली है, लेकिन मानकों के अनुरूप आवेदन नहीं आए हैं।

यमुना प्राधिकरण ने ग्रुप हाउसिंग की योजना निकाली थी। इसमें आवेदन नहीं आए। इसके बाद प्राधिकरण ने फिर ग्रुप हाउसिंग के पांच भूखंडों की योजना निकाली। इसमें संशोधन किया गया। आवंटी को पांच साल की किस्तों में भुगतान का विकल्प दिया गया। इस योजना में दो आवेदन आए। कम से कम तीन आवेदन आने पर ही आवंटन हो सकता है। अब प्राधिकरण ग्रुप हाउसिंग में रोलओवर योजना को लागू करेगा। योजना में अगर मानकों के अनुरूप आवेदन नहीं आए तो दो बार रोलओवर करके आवंटन किया जा सकता है। आगामी बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव रखा जाएगा। प्राधिकरण इससे पहले संस्थागत और व्यवसायिक भूखंडों की योजना में रोलओवर योजना पहले लागू कर चुका है।

# ग्रेनो प्राधिकरण जल्द लाएगा आवासीय व औद्योगिक भूखंड़ों की योजना

- आईटी के भूखंड़ों का उपयोग औद्योगिक श्रेणी में किया जाएगा
- पुराने आवासीय सेक्टरों में खाली पड़े भूखंड़ों की योजना लाने की तैयारी

**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण जल्द ही आवासीय भूखंडों की योजना लाएगा। वहीं, आईटी भूखंडों का भू उपयोग बदलने की तैयारी है। आईटी के भूखंडों का उपयोग औद्योगिक श्रेणी में किया जा सकेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आवासीय भूखंड की योजना जल्द लाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए संपत्ति विभाग से तैयारी करने के लिए कहा गया है। दरअसल प्राधिकरण ने सेक्टर में खाली पड़े भूखंडों की पहचान पर पहले कर ली थी, लेकिन इसकी योजना नहीं आई थी। इन भूखंडों की संख्या करीब 500 है। बहुत जल्द आवासीय भूखंडों की योजना आएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के निवासियों को आवास के लिए एक और मौका जल्द मिलने वाला है। ग्रेटर नोएडा में आईटी के सेक्टर हैं, लेकिन इसमें बहुत कंपनियां नहीं आईं। बहुत से भूखंड खाली पड़े हैं। इनके खरीदार नहीं हैं। कुछ भूखंडों का आवंटन प्राधिकरण पहले रद्द कर चुका है। अब इन भूखंडों का भू उपयोग बदलने की तैयारी है। प्राधिकरण इनका भू उपयोग औद्योगिक करेगा। दरअसल आईटी के बजाय औद्योगिक भूखंडों की मांग अधिक है। इसके चलते प्राधिकरण ने भू उपयोग बदलने का फैसला लिया है। बहुत जल्द इस पर फैसला ले लिया जाएगा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने कहा कि आवासीय भूखंड की योजना जल्द लाई जाएगी। इसके लिए तैयारी चल रही है।

## ग्रेनो प्राधिकरण ने जिम्स के पास बनाया रैन बसेरा



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सर्दी को देखते हुए राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पास 25 बेड का रैन बसेरा तैयार कर दिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना विभाग के वर्क सर्कल साथ की तरफ से यह रैन बसेरा बनाया गया है। मरीज के साथ बड़ी संख्या में तीमारदार जिम्स आते हैं। इस रैन बसेरा के बनने से उनको ठहरने की बड़ी सुविधा हो गई है। रैन बसेरा में बिस्तर की भी व्यवस्था की गई है। प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी का कहना है कि ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में जरूरत के हिसाब से और भी रैन बसेरा बनाए जाएंगे।

## छपरौला में अवैध निर्माण पर प्राधिकरण ने चलाया बुलडोजर





**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने छपरौला में अधिसूचित एरिया पर अवैध कब्जे को सोमवार को ध्वस्त कर दिया और करीब 25000 वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करा लिया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने छपरौला गांव में अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की। प्राधिकरण के एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के अधिसूचित एरिया में है। यहां पर बाउंड्री बनाकर अवैध कालोनी काटी जा रही थी। इसकी सूचना मिलने पर परियोजना विभाग की टीम प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों, स्थानीय पुलिस व पीएसी के साथ मौके पर पहुंच गई और लगभग 25000 पर मीटर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कर लिया। उन्होंने कालोनाइजरों को चेतावनी दी है कि दोबारा से अतिक्रमण करने की कोशिश की तो उनके खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सार संक्षेप

### दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**रबूपुरा।** कस्बे के मोहल्ला अंबेडकर नगर में मामूली बात को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मारपीट में एक पक्ष के दो व्यक्ति व एक युवती घायल हो गई। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामला दर्ज करके घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोप है कि खेत से लौटते समय आरोपित पक्ष ने पीड़ित पक्ष के पिंटू पर हमला कर दिया। उसे बचाने गए उसकी पत्नी कमलेश पिता गिरिराज व भांजी शिवानी पर भी हमला कर दिया। जिसमें तीनों घायल हो गए। पीड़ित पिंटू की शिकायत पर पुलिस ने निशा. राहुल, डब्बू समेत 6 के खिलाफमामला दर्ज करके जा शुरू कर दी है।

### साइबर ठग ने कूरियर का पिन कोड पूछकर बैंक खाता किया खाली

**ग्रेटर नोएडा।** बीटा-दो थाना क्षेत्र में स्टोर कर्मचारी से साइबर ठगों ने कूरियर के पते का पिन कोड एक्टिव कराने का झांसा देकर एक लाख 19 हजार रुपए हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेक्टर बीटा-2 पुलिस के मुताबिक सेक्टर-36 में रहने वाला अभिजीत बख्शी रिलायंस स्टोर पर नौकरी करते हैं। अभिजीत ने पुलिस को बताया कि उसने स्टोर के काम से एक कूरियर गुरुग्राम भेजा था। इसके बाद उन्हें एक व्यक्ति का फोन आया, जिसने कहा कि आपका कूरियर जहां पर भेजा गया है, उस पते पर पिन कोड काम नहीं कर रहा है। साइबर ठग ने पिन एक्टिव करने का झांसा दिया। इसके लिए ठग ने पांच रुपये ऑनलाइन भुगतान के लिए कहा। पीड़ित उसके झांसे में आ गया तथा उसके द्वारा भेजे गए लिंक पर उन्होंने पांच रुपए का भुगतान किया। इसी बीच साइबर ठग ने बख्शी के खाते से कई बार में एक लाख 19 हजार रुपए निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी के बारे में पता चला। इसकी शिकायत पीड़ित ने तुरंत पुलिस से की। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह कहना कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच के जा रही है।

## तेइस करोड़ से अधिक की संपत्ति बदमाश बृजनन्दन की कुर्क



**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस आयुक्त ने न्यायालय के आदेश पर जारचा पुलिस ने रणदीप भाटी गिरोह के बदमाश बृजानंद की मथुरा में 23 करोड़ से अधिक की अचल संपत्ति कुर्क की। पुलिस पहले भी गैंगस्टर की हरियाणा स्थित आठ करोड़ की संपत्ति कुर्क कर चुकी है। जारचा कोतवाली पुलिस के मुताबिक गैंगस्टर की जिला मथुरा के गांव मोजा कोसी कला नई आबादी ईदगाह एरिया में अवस्थित 2 आवासीय प्लॉट भूमि लगभग 3757.58 वर्ग मीटर को कुर्क किया गया। इस प्लॉट की कुल कीमत 23,64,71,024 रुपये है। पुलिस के मुताबिक बदमाश बृजानंद गैंग संख्या-298 का सक्रिय बदमाश है। उस पर हत्या के प्रयास और गैंगस्टर आदि के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में चिह्नित कुख्यात अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस आयुक्त न्यायालय गौतमबुद्ध नगर ने गैंगस्टर ऐक्ट के अंतर्गत शासन की ओर से घोषित कुख्यात माफिया रणदीप भाटी गैंग के सक्रिय बदमाश बृजानंद निवासी तिगांव ग्राम फरीदाबाद पर कार्रवाई की।

## बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए 15 दिसम्बर को लगेगा रोजगार मेला

**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आगामी 15 दिसम्बर को जिला सेवायोजन कार्यालय 10 बजे से लॉयड इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी प्लॉट नंबर 3 नॉलेज पार्क 2 ग्रेटर नोएडा में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी मनीषा अत्री ने बताया कि जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में रोजगार मेले में 20 से 25 प्रतिष्ठित कंपनियां सामिल होकर रोजगार के लिए अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यार्थी की आयु 18 से 30 वर्ष एवं शैक्षिक योग्यता डिप्लोमा व बी.बी.ए. उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। पात्रता रखने वाले इच्छुक बेरोजगार युवक-युवतियां आगामी 15 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में अपने सभी दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर प्रतिभाग कर सकते हैं।

## उ.प्र. रेरा ने परियोजनाओं के विक्रय व प्रचार-प्रसार के लिए जारी किया दिशा-निर्देश

- परियोजनाओं के प्रोमोशन, मार्केटिंग व विक्रय के विज्ञापन रेरा पोर्टल पर पंजीयन किया अनिवार्य

**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। रियल एस्टेट परियोजनाओं के विज्ञापन के संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त शासनादेश के अनुसार उ.प्र. रेरा ने विज्ञापन के लिए उपलब्ध सभी प्रकार के मंचों पर विज्ञापन सम्बधी मानक दिशा निर्देशों का पालन करने को कहा है। समाचार पत्रों, मैगजीन, ब्रोशर, लीफ्लेट्स, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा डिजिटल मीडिया एवं आउट्डोर पब्लिसिटी के मंचों पर पंजीकृत रियल एस्टेट परियोजना के विज्ञापन के लिए उ.प्र. रेरा पोर्टल तथा परियोजना का रेरा पंजीयन संख्या का प्रमुखता से उल्लेख होना चाहिए और यह एक अनिवार्य प्राविधान है। प्रिन्ट विज्ञापन (समाचार पत्र, ब्रोशर, लीफ्लेट सहित अन्य), सोशल (ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, आदि) और डिजिटल (ईमेल, वेबसाईट, प्रॉपर्टी पोर्टल आदि) मीडिया के विज्ञापनों में पोर्टल और पंजीयन संख्या आसानी से पढ़ी जानी वाली होनी चाहिए जबकि रेडियो और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में यह दोनों सुनने योग्य ध्वनि में पर्याप्त गति के साथ उद्घोषित किया जाना चाहिए। आउट्डोर होर्डिंग, पोल और स्ट्रीट बैनर जैसे विज्ञापन में दोनों बड़े अक्षरों में दूर से दिखने लायक और स्पष्ट रूप से पठनीय होनी चाहिए। इस संबन्ध में समस्त समाचार घरानों/मीडिया हाउसेज को भी निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु कहा गया है। प्रदेश में रियल एस्टेट परियोजनाओं के संबन्ध में रेरा अधिनियम में निहित अनिवार्य प्राविधानों का पालन नहीं कर रहे हैं। इस संबन्ध में मीडिया के विभिन्न माध्यमों द्वारा निरन्तर जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है, उल्लंघन करने वाले प्रोमोटर्स को कारण बताओ नोटिस भी प्रेषित किया जा रहा है और अर्थदण्ड भी लगाया जा रहा है। उ.प्र. रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी के मुताबिक रियल एस्टेट परियोजनाओं के विज्ञापन में रेरा पोर्टल तथा रेरा पंजीयन संख्या प्रमुखता और साफ व बड़े अक्षरों में उल्लेखित होनी चाहिए। इसकी जिम्मेदारी प्रोमोटर तथा एजेंट के साथ-साथ मीडिया हाउस की भी है। उल्लंघन करने पर रेरा अधिनियम के अंतर्गत प्रोमोटर तथा एजेंट पर कार्यवाही होगी तथा मीडिया हाउस के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार तथा समाचार नियामक संस्थाओं पर कार्यवाई की जाएगी।

## भूतपूर्व सैनिकों ने धूमधाम से मनाया नौसेना दिवस

**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। नेवल वेटरन्स वेल्फेयर एसोसिएशन गौतमबुद्ध नगर के भूत पूर्व नौसैनिकों ने होटल स्टीलस्टे में नौसैना दिवस बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वेटरन रूप राम सिंह का वेटरन बासुदेव ने एसोसिएशन की तरफ से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वेटरन डॉ. ईश्वर सिंह ने किया तथा एसोसिएशन की तरफ से सभी वेटरन्स का स्वागत किया, शुभकामनाएं दी और नौसेना के बारे में काफी महत्वपूर्ण जानकारी दी। भारतीय नौसेना देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के साथ-साथ भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति की भी रक्षक है। भारत के राष्ट्रपति इस सेना के सेनापति हैं। हमें गर्व है कि हम देश सेवा के लिए नौसेना का हिस्सा बने। गौतम बुद्ध नगर के भूतपूर्व नौसैनिक अपनी इस नौसेना दिवस की परंपरा को हर साल एक समारोह के रूप में आयोजित करते है ताकि वह सभी लोग सेवानिवृत्त के बाद भी नौसैनिक होने का गर्व महसूस कर सकें। मुख्य अतिथि ने अपने भाषण में अपने जीवन का अनुभव साझा करते हुए सभी का मार्ग दर्शन किया। भूतपूर्व नौसैनिकों ने देश के प्रति अपने योगदानों को याद करते हुए अपने सभी नौसैनिक साथियों के साथ अपने बीते पलों की यादों को तरोताज़ा किया।



## खेल प्रतियोगिता में एमबीए के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा

**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। जीएनआईओटी एमबीए संस्थान में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता 'प्रतिस्पर्धा-2023' का समापन हो गया। प्रतियोगिताओं का समापन संस्थान के निदेशक डॉ. अंशुल शर्मा ने किया। प्रतियोगिता के पहले दिन विद्यार्थियों ने शतरंज तथा कैरम में अपने जौहर दिखाए तथा दूसरे दिन बॉस्केटबाल, वालीबाल, रेस, लेमन रेस, रिले रेस में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। दो दिन तक चली इस कड़ी प्रतियोगिता के बाद कैरम में अंजलि तथा अवनिश विजयी रहे, शतरंज में उत्कर्ष कुमार द्विवेदी ने बाजी मारी। बॉस्केटबॉल में अन्जू रावत टीम एवं आकाश सिंह टीम ने सबको पछाड़ा, वालीबॉल में कड़े मुकाबले के बाद अभिषेक गुप्ता टीम को विजयी घोषित किया गया, रेस में धीरज एवं आरजु सिंह, रिले रेस में देवेन्द्र टीम तथा साक्षी टीम, लेमन रेस में तान्या सोनी एवं रोहित यादव ने बाजी मारी. संस्थान के सभी शिक्षको एवं विद्यार्थियों ने खेलों का जमकर लुफ्त उठाया। खेल प्रतियोगिता के समापन पर संस्थान के निदेशक डॉ. अंशुल शर्मा ने क्रीडा प्रांगण में ही विजेताओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान किये। निदेशक ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ खेलकूद भी जरूरी है। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर संस्थान के डीन डॉ. पंकज सिन्हा, विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार, डॉ. सुशील मौर्य तथा स्पोर्टस कार्डिनेटर नितिन त्रिपाठी सहित सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।



## पुलिस कमिश्नर ने जिला बदर के दिए आदेश


**जेवर,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। पुलिस कमिश्नर द्वारा बार बार आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहने पर कानीगढ़ी के रहने वाले एक व्यक्ति के खिलाफजिला बदर की कार्रवाई के आदेश जारी करते हुए कोतवाली पुलिस को सूचित किया है। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह ने आदेश जारी करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह चौहान को सूचित किया है कि कानीगढ़ी का रहने वाला प्रीतम उर्फ पीतो बार बार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहता है। जिसकी वजह से उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई के आदेश जारी करते हुए 6 माह की अवधि तक जिले की सीमा में प्रवेश पर पाबंदी लगाई गई है।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

## प्रोजेक्ट प्रदर्शनी में प्रतिभागियों ने अपने मॉडल्स में नई तकनीकी पर दिया जोर





**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क स्थित जीएन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन हुआ, जिसमें इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। इस दौरान टीम-4 को प्रथम पुरस्कार और टीम-81 उप विजेता रही। प्रदर्शनी का उद्घाटन ग्रुप के चेयरमैन बी.अल. गुप्ता ने फीता काट कर किया। संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) शरद चंद्र अग्रवाल ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। प्रदर्शनी में 150 से भी ज्यादा प्रोजेक्ट प्रदर्शित हुए जिसमें 500 से भी ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। ग्रुप के चेयरमैन बी. एल. गुप्ता ने छात्रों को नई तकनीक के उपयोग और भविष्य में आने वाली आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस से जुड़े प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा देने पर जोर दिया। गुप्ता ने रोबोटिक्स, नए सॉफ्टवेयर और चैट जीपीटी जैसे नई-नई तकनीक अपने कॉलेज में प्रोजेक्ट के रूप में बनाने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। साथ ही सभी छात्रों द्वारा दिखाए गए प्रोजेक्ट्स की तारीफ करते हुए उन्होंने सराहना व्यक्त की। प्रदर्शनी का विषय इंनोविशनरी था, जिसका मतलब है भविष्य के लिए नई सोच तथा सारे प्रोजेक्ट्स उसके मतलब को सही साबित करने में सफल रहे। बी. टेक. के छात्रों ने तरह तरह के सिक्योरिटी मॉडल्स बनाये जिनसे उन्होंने अपने घर व समाज की सुरक्षा को नया तरीका बताया। इसी के साथ रेलवे और रोड पर एक्सीडेंट रोकने का प्रोजेक्ट, सोलर एनर्जी, इलेक्ट्रॉनिक गाड़ियों को वायरलेस चार्जिंग प्रदान करने वाले प्रोजेक्टस ने सबका ध्यान अपनी और आकर्षित किया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. हरेंद्र नागर के मार्गदर्शन में डॉ. धीरेश कुमार पाठक, संजीव कुमार ओझा और आयुष शर्मा व अन्य प्रवक्ताओं ने सहयोग किया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रति किया गया जागरुक

**ग्रेटर नोएडा,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र वंचित लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को उपलब्ध कराई जा रही है एवं साथ ही जो भी पात्र लाभार्थी योजनाओं के



लाभ से वंचित रह गए हैं उनको भी कार्यक्रम में ही योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में सोमवार को ग्राम पंचायत सीदीपुर एवं रानौली लतीफपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की प्रचार वैन के द्वारा ऑडियों व वर्चुअली प्रदर्शन कर व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। आयोजित शिविर में सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों के द्वारा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी जन-सामान्य को विस्तार पूर्वक उपलब्ध करायी गई। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य जन सामान्य को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जागरुक करते हुए उनको योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करना है, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का सीधा लाभ पहुंच सके और कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 82/एस0टी0- एस.डी.एम./2023 दिनांक 04.02.2023 के अनुसार मृतक स्व0 श्री कुंवरपाल पुत्र लीला नि0 ग्राम चॉदपुर परगना दनकौर तहसीलदार व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 07.11.2020 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चॉदपुर | 32 | 33 | श्री कुंवरपाल पुत्र लीला नि0 ग्राम चॉदपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्रीमति राजवती देवी | 70 वर्ष | पत्नी |
| | | | | श्री लखन सिंह | 52 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री रविन्द्र कुमार | 44 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री शिलेन्दर | 42 वर्ष | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट संख्या-01, सैक्टर के0पी0-04, ग्रेटर नोएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Tisco Employees & Welfare Society, Phase-1 के माध्यम से आवंटित भवन/भूखण्ड संख्या D-8 at Plot No. GH-03, Sector-Beta-I, Greater Noida (U.P.), क्षेत्रफल-97.58 वर्ग मीटर Mr. Yogendra Kumar Paliwal S/o Mr. Babu Ram Paliwal & Usha Paliwal W/o Late Mr. Yogendra Kumar Paliwal के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। मूल आवंटी Mr. Yogendra Kumar Paliwal S/o Mr. Babu Ram Paliwal की मृत्यु दिनांक 04.4.2021 को हो जाने के उपरान्त उक्त भवन पूर्ण रूप से सह आवंटी (Mrs. Usha Paliwal W/o Late Mr. Yogendra Kumar Paliwal) को अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सूनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में मूल आवंटी Mr. Yogendra Kumar Paliwal S/o Mr. Babu Ram Paliwal के स्थान पर पूर्ण रूप से सह आवंटी Mrs. Usha Paliwal W/o Late Mr. Yogendra Kumar Paliwal के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

# प्रादेशिकी

## सरकारी काम में बाधा डालने पर, नौ नामजद व अन्य 70 लोगों पर मुकदमा

रुड़की। दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में बीच बचाव करने के दौरान चोट लगने से हुई एक युवक की मौत के मामले में सड़क पर जाम लगाने पर पुलिस ने नौ नामजद समेत 70 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शक्तिविहार कालोनी के लोगों ने पुलिस पर इस मामले में कम धाराएं लगाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली के सामने तीन दिन पूर्व सड़क पर जाम लगाया था। जिसमें एंबुलेंस भी फंस गई थी। पुलिस अज्ञात आरोपितों को चिह्नित कर रही है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के शक्तिविहार कालोनी निवासी दीपक कुमार के कुछ दिन पहले दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में बीच बचाव करने के दौरान चोट लग गई थी। बाद में उसकी मौत गई थी। इस मामले में पुलिस ने गैर इरदातन हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

# माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत 559 विद्यालय बनेगें उत्कृष्ट विद्यालय

**देहरादून,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कुल 14 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसके साथ ही कैबिनेट बैठक के दौरान तीन

- नंदा देवी कन्या धन योजना में छूटे लाभार्थियों को भी दिया जाएगा लाभ
- उत्तराखंड न्याय सेवा नियमावली में किया गया संशोधन
- वित्त विभाग के तहत वर्चुअल रजिस्ट्री को मंजूरी
- उत्कृष्ट विद्यालयों पर खर्च होगें 240 करोड़
- कैबिनेट ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 1,900 पदों की भर्ती को मंजूरी दी है
- कैबिनेट बैठक में 14 प्रस्तावों पर लगी मुहर,

अन्य प्रस्तावों पर भी मंत्रिमंडल ने सहमति जताई है। जिसके तहत, उत्तरकाशी जिले के सिलक्यारा टनल में फंसे मजदूरों को सकुशल निकलने, तीन राज्यों में भाजपा द्वारा चुनाव जीत और 38वें राष्ट्रीय खेल की मेजबानी उत्तराखंड को मिलने पर पीएम मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत 559 विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जाएगा। इसमें 240 करोड़ रुपए



खर्च होगा। नंदा देवी कन्या धन योजना के तहत छूटे हुए लाभार्थियों को लाभ दिया जाएगा। करीब 52 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। राज्य में नंदादेवी कन्या धन योजना में छूटे 35,388 लाभार्थियों को भी इस योजना के अंतर्गत शामिल करने का निर्णय लिया गया है। परिवहन विभाग में ट्रेनिंग में हुए बदलाव के साथ ही, जीबी पंत राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान को नि:शुल्क जमीन देने का भी फैसला हुआ है। कैबिनेट ने राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 1,900 पदों की भर्ती को मंजूरी दी है और रजिस्ट्री कार्यालय में वर्चुअल प्रेजेंस को भी हरी झंडी दी है। इसके अलावा, उत्तराखंड में 539 उत्कृष्ट विद्यालय बनाए जाएंगे और शिक्षकों के साथ अनेक अन्य निर्णय भी लिए गए हैं। इसके साथ ही, पुराने पेंशन व्यवस्था में शामिल करने का निर्णय, गुजरे हुए शिक्षकों की जगह पर क्लास की दर पर नए शिक्षक रखने का फैसला, और आवश्यकता के क्षेत्र में विस्तार का निर्णय लिया गया है।

गोविंद बल्लभ पंत, श्रीनगर को जमीन निशुल्क दिए जाने पर सहमति कैबिनेट में बनी। नागरिक उड्डयन विभाग के तहत पर्वतीय क्षेत्रों में हेलीपैड बनाने के लिए लोगों के निजी जमीनों को लेने के लिए नीति बनाई गई है। इस नीति को मंत्रिमंडल की मंजूरी दी है। इसके तहत लीज और खुद बनाने पर करीब 50 फीसदी सब्सिडी की व्यवस्था की गई है। उत्तराखंड न्याय सेवा नियमावली में संशोधन किया गया।

उत्तराखंड उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन किया गया है। ग्रामीण निर्माण विभाग के तहत जिन मार्गों को पीएमजीएसवाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन मार्गों को मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बनाया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत 559 विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय बनाया जाएगा।

इसमें 240 करोड़ रुपए खर्च होगा। वित्त विभाग के तहत वर्चुअल रजिस्ट्री को मंजूरी। राजकीय मेडिकल कॉलेज हरिद्वार में 100 एमबीबीएस प्रशिक्षु और पिथौरागढ़ मेडिकल कॉलेज में 100 प्रशिक्षु एमबीबीएस को मंजूरी। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत विद्यालयों में खाली पदों को भरने के लिए प्रतिवेदन के आधार पर शिक्षक रखे जाएंगे। करीब 1500 लोग भरे जाएंगे।

# राजस्व लोक अदालतों में 45 हजार 'इंतकाल' मामलों का निपटारा : सुक्खू

**शिमला,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार को यहां अधिकारियों को राज्य सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों एवं विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इन कल्याणकारी योजनाओं का समय पर लाभ मिल सके। इससे पहले प्रशासनिक सचिवों की 'मंडे मीटिंग' की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि आम जन की सुविधा के लिए राजस्व अधिकारी लम्बित राजस्व मामलों का प्राथमिकता से निपटारा सुनिश्चित करें। राज्य में एक और दो दिसंबर, 2023 को आयोजित 'राजस्व लोक अदालत' के दौरान 'इंतकाल' के 14 हजार से अधिक लम्बित मामलों का निपटारा किया गया। उन्होंने लंबे समय से लम्बित इन मामलों में तेजी लाने के लिए राजस्व अधिकारियों के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्व लोक अदालत के दौरान अब तक 45 हजार से अधिक 'इंतकाल' के लम्बित मामलों का निपटारा किया गया है और इससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित हुए हैं।



श्री सुक्खू ने जल शक्ति विभाग की विभिन्न योजनाओं, चिकित्सा महाविद्यालयों और अस्पतालों के बिजली बिल कम करने के विकल्प तलाशने के संबंधित विभागों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं की विवाह योग्य आयु 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने पर विचार कर रही है और इसके लिए शीघ्र ही स्वास्थ्य सचिव के नेतृत्व में एक समिति गठित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने व्यवस्थागत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के कामकाज में प्रौद्योगिकी को शामिल करने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश के सभी रोजगार कार्यालयों का डिजिटलीकरण किया जाएगा और कुशल श्रमशक्ति को रोजगार प्रदान करने की सुविधा के लिए नियोक्ताओं का पंजीकरण भी किया जाएगा। श्री सुक्खू ने पुलिस और जेल विभाग के आधुनिकीकरण पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि

> आम जन की सुविधा के लिए राजस्व अधिकारी लम्बित राजस्व मामलों का प्राथमिकता से निपटारा सुनिश्चित करें। राज्य में एक और दो दिसंबर, 2023 को आयोजित 'राजस्व लोक अदालत' के दौरान 'इंतकाल' के 14 हजार से अधिक लम्बित मामलों का निपटारा किया गया : ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू, मुख्यमंत्री

आमजन को प्रभावी सेवाएं व पुलिस कर्मियों को बेहतर कार्य परिवेश उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत पुलिस सुधारों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेलों में हाई एंड नाइट विजन कैमरे लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा जिले के डगवार में एक अत्याधुनिक दूध प्रसंस्करण संयंत्र प्रस्तावित है और इसका कार्य तय समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कांगड़ा जिला के ज्वालामुखी में निर्मित होने वाले सुख-आश्रय सदन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए।

**सार संक्षेप**

## जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर आरंभ

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, औढ़ां में पांच दिवसीय 'जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर सोमवार को आरम्भ हुआ। प्रशिक्षण शिविर में जिला के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं व काउंसलर भाग ले रहे हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस ट्रेनिंग शिविर आठ दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर का उद्घाटन सेवानिवृत खंड शिक्षा अधिकारी हरमेल सिंह ने विद्यालय के प्रांगण में रेडक्रॉस झंडा लहराकर किया। तत्पश्चात रेडक्रॉस के जन्मदाता सर जीन हैनरी ड्यूना के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि हरमेल सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में प्रशिक्षणार्थियों को रेडक्रॉस की गतिविधियों तथा विशेषकर फर्स्ट-एड, रोड सेफ्टी, जूनियर रेडक्रॉस की समाज में भूमिका पर विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस शिविर में प्रशिक्षणार्थी, जो भी सीखकर जाएंगे उसका अपने जीवन में उपयोग भी करें।

## 3 राज्यों में जीत के बाद, उत्तराखंड में चुनावी तैयारियों को मिली नई ऊर्जा

देहरादून। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट चुकी भाजपा के लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में मिली जीत नई ऊर्जा देने वाली है। इन तीन राज्यों की प्रचंड जीत से उत्तराखंड में भी भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित हैं।
लोकसभा चुनाव में परचम फहराने के लिए पार्टी अपनी व्यूह रचना में इन राज्यों में मिली सफलता को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, लोकसभा चुनाव से पहले इस जीत को सेमीफाइनल के तौर पर जनता के सामने रखने की रणनीति को लेकर मंथन भी शुरू हो गया है।
पांच लोकसभा सीटों वाले उत्तराखंड में भाजपा वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से अजेय बनी हुई है। तब से लेकर अब तक के प्रत्येक चुनाव में पार्टी परचम फहराती आई है। चाहे विधानसभा चुनाव हों अथवा अन्य, सभी में वह जनता की चहेती बनी है।
अब लोकसभा चुनाव में पार्टी के सामने हैट्रिक बनाने की चुनौती है। इसे देखते हुए पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में भाजपा ने फील्डिंग भी लगा दी है। अपने सांसदों से लेकर ग्राम प्रधानों तक सभी जनप्रतिनिधियों को पार्टी जिम्मेदारी सौंप चुकी है तो प्रांतीय व अन्य नेताओं को भी मोर्चे पर लगाया गया है। बूथ जीता-चुनाव जीता के मूलमंत्र पर आगे बढ़ते हुए बूथ सशक्तीकरण के लिए बड़े नेताओं को लगाया गया है।

## सुडोकू 6396 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 4 | 8 |
| 8 | 6 | 7 | 9 | 4 | 2 | 3 | 5 | 1 |
| 3 | 1 | 4 | 5 | 8 | 6 | 9 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 | 8 | 6 |
| 9 | 5 | 8 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 |

# हिमाचल में पिक-अप खाई में गिरी, छह की मौत, छह अन्य घायल

**शिमला,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के सुन्नी क्षेत्र में सोमवार

- हादसा सुबह करीब सात बजे सुन्नी के कड़ारघाट में हुआ
- घायलों को सुन्नी के अस्पताल में भर्ती कराया गया

को एक वाहन के खाई में गिरने से इसमें सवार छह कश्मीरी लोगों की मौत हो गयी तथा छह लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि ये सभी मजदूर थे और यहां एक ठेकेदार के पास मजदूरी करते थे। घायलों को सुन्नी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सुबह करीब सात बजे सुन्नी के कड़ारघाट में हुआ। सभी लोग पिक-अप में सवार होकर मंडी की ओर अपने काम पर जा रहे थे। सुन्नी को किंगल से जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग पर वाहन अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़क गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा स्थानीय लोगों की मदद से हताहतों को बाहर निकाला लेकिन तब चार लोगों की मौत हो चुकी थी। घायलों को सुन्नी के अस्पताल पहुंचाया गया जहां दो लोगों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतकों की शिनाख्त कश्मीर के कुलगाम जिले के बारीपुरा कुंड निवासी गुलाम असन गोरसी, शब्बीर अहमद, फरीद दीदड़, तालिब, गुलजार, और मुश्ताक के रूप में की गई है। घायल में पिक अप चालक रणजीत कंवर के अलावा अन्य मजदूर असलम चैंची, तालिब हुसैन, आकाश कुमार, अजय ठाकुर और मंजूर अहमद शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## हिमाचल में सड़क हादसे में छह कश्मीरी श्रमिकों की मौत, सुक्खू ने जताया शोक

हिमाचल के शिमला के सुन्नी में पिकअप के गहरी खाई में गिरने से छह प्रवासी मंजदूरो की मौत हो गई और छह अन्य घायल हुए है। पुलिस ने बताया कि सुन्नी थाना क्षेत्र के कडारघाट में एक पिकअप (एचपी63-0231) अनियंत्रित होकर खाई में लुढ़क गई। पिकअप में एक दर्जन के लोग सवार थे। हादसा इतना भयानक था कि छह श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने घायलों का आईजीएमसी में उपचार चल रहा है।

पिकअप सवार तीन लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि तीन की अस्पताल में मृत्यु हुई। राज्य मुख्यालय शिमला से हादसा स्थल की दूरी लगभग 35 किलोमीटर है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हादसे के शिकार हुए श्रमिक कश्मीरी मूल के हैं। श्रमिक सुन्नी से मंडी की तरफ जा रहे थे। सोमवार सुबह सात बजे के करीब पिकअप खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और राहत व बचाव कार्य शुरू किया। चार मृतकों की शिनाख्त फरीद, गुलाम, शब्बीर और तालिब के रूप में हुई है। दो अन्य की शिनाख्त की जा रही है। वे भी कश्मीर निवासी हैं।

# भादरा को अपराध व नशामुक्त किया जाएगा : बैनीवाल

**सिरसा,** 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के पड़ोसी प्रांत राजस्थान की भादरा विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक संजीव बैनीवाल ने दावा किया है कि पिछले शासन के चलते क्षेत्र में अपराध व मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ी थी,उनकी प्राथमिकता रहेगी कि वे सर्वप्रथम भादरा विधानसभा क्षेत्र को अपराध व नशामुक्त बनाएं। श्री बैनीवाल ने कहा कि केद्र सरकार की महत्वाकांशी योजना फसल बीमा योजना का समुचित लाभ क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल पाया जिस पर काम किया जाएगा। श्री बैनीवाल जिला के गांव तरकांवाली में उनके सम्मान में आयोजित समारोह में शिरकत करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। तरकावांली गांव में पहुंचने पर क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी मीन बैनीवाल की टीम व इस क्षेत्र के विभिन्न गावों के सरपंचों व अन्य जनप्रतिनिधियों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया।

विधायक बैनीवाल ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा राजस्थान प्रदेश में सत्तारूढ़ होने पर डीजल पेट्रोल के दाम कम करने तथा पंजाब व हरियाणा राज्यों से तेल की तस्करी रोकने के वायदे के सवाल पर कहा कि पार्टी ने जो वायदे किए हैं उन पर उम्मीद है अवश्य अम्ल करेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में छुपी खेल प्रतिभाओं को भी उभारनें का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजसेवी कप्तान मीनू बैनीवाल ने भादरा व ऐलनाबाद क्षेत्र में अनेकों विकास कार्य करवा कर भाईचारे की मिसाल कायम की है। इस भाईचारे को आने वाले समय में कायम रखा जाएगा। मुझे खुशी है कि भादरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के दौरान कप्तान मीनू बैनीवाल टीम ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया, इस जीत में इनकी टीम की अहम भूमिका रही है।

## रतिराम ने झूठे शपथ पत्र पर अनुसूचित जाति के लोगों की 200 बिघा जमीन लगाई ठिकाने

**देहरादून,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। जिलाधिकारी को झूठे शपथ पत्र देकर अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन सैकड़ों जमीन बेचने वाले रतिराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। हालांकि हर हथकंडा अपनाकर रतिराम बचता चला आ रहा है। कोर्ट के आदेश पर रतिराम के खिलाफ थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज हो गया है लेकिन यहां भी वह मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है। रतिराम तो केवल मुखौटा है इसके पीछे बड़े भूमाफियाओं को हाथ है। जिनके साथ मिलकर इन्कम टैक्स की चोरी कर सरकार को मोटा चूना लगाया जा रहा है। रतिराम अनुसूचित जाति का है। राजस्व विभाग के अनुसार कोई भी अनुसूचित जाति का व्यक्ति तथी अपनी जमीन बेच सकता है जब उसके पास 18 बिघा जमीन हो या फिर अगर 18 बिघा से कम जमीन है तो वह अपने पुत्र या पुत्री के विवाह के लिए या किसी बीमारी के लिए बेच सकता है लेकिन रजिराम ने इस कानून का भी तोड निकाल लिया और उसने अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन खरीदकर जिलाधिकारी के सामने अपने पुत्र व पुत्री के विवाह के लिए 40 बार शपथ पत्र दिया। उसने इस प्रकार 200 बिघा से अनुसूचित जाति के लोगों ज्यादा जमीन बेच दी। झूठे शपथ पत्र के बारे में राजस्व विभाग के अधिकारियों को भी पता था लेकिन वह भी इस पर अनुमति देते गए। अधिकतर जमीने विकासनगर तहसील क्षेत्र में बेची गई है।

- जिलाधिकारी को भी रखा धोखे में, मुकदमा दर्ज

# हिमाचल में हाटी समुदाय को एसटी दर्जा को लेकर सियासत में उबाल

नाहन, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। हिमाचल के जिला सिरमौर में हाटी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) को दर्जे को लेकर खासी सियासत गरमाई हुई है। केंद्रीय हाटी समिति का आरोप है कि कांग्रेस सरकार अड़ंगा पैदा कर रही है। इस मसले पर सोमवार को एक सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है। विधि विभाग कार्य कर रहा है। उनका कहना था कि केंद्र से भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। श्री चौहान ने कहा कि स्पष्टीकरण के बाद जो भी कानून रहेगा उसके तहत कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस की बैठक में हिस्सा लेने से पहले उद्योग मंत्री सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल आपदा की चुनौतियों के बावजूद सफलता भर रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार पहली वर्षगांठ धर्मशाला में मनाने जा रही है। रैली में प्रदेश भर के 50000 कार्यकर्ता शामिल होंगे। उद्योग मंत्री ने बताया कि सिरमौर से 1000 कार्यकर्ताओं रैली में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र से 200-200 कार्यकर्ताओं को शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं।

> केंद्रीय हाटी समिति का आरोप है कि कांग्रेस सरकार अड़ंगा पैदा कर रही

उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग में 6 000 आईपीएस में 4:30 हजार मल्टी टास्क कर्मी के पद तथा 2100 वनरक्षक 10000 प्रतिमाह की पगार पर रखे जाएंगे। उद्योग मंत्री ने कहा कैबिनेट में लिए गए निर्णय के बाद प्रदेश पुलिस में 1226 कांस्टेबल की पोस्ट भरी जाएगी।

मंत्री ने उद्योगों पर मंडरा रहे संकट पर कहा कि प्रदेश में 80 फीसदी उद्योग लघु श्रेणी के हैं। इन्हें सरकार हर तरह से संरक्षण देने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी नीतियों के दम पर 10000 करोड़ के इन्वेस्टर के एमओयू साइन करवा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार उद्योगों और उद्योगपतियों के प्रति उदारवादी नीति के तहत काम कर रही है। बता दे कि चुनाव के एक वर्ष बीत जाने के बाद सिरमौर कांग्रेस ने अध्यक्ष आनंद परमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया। जिला अध्यक्ष आनंद परमार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि निष्क्रिय पदाधिकारियों को सक्रिय करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन में धरातल पर काम करने वालों की ही नियुक्ति.की जाएगी।



## रोडवेज कर्मचारी यूनियन ने किया बैठक के दौरान सांकेतिक विरोध प्रदर्शन

**हल्द्वानी,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन के काठगोदाम डिपो की मासिक बैठक यूनियन के कार्यालय काठगोदाम डिपो में हुई। इस दौरान यूनियन से जुड़े कर्मचारियों ने डिपो में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन भी किया। बैठक में कर्मचारी व विभागीय समस्याएं उठाई गई। उनका कहना था कि निगम प्रबंधन बस बेड़ा उपलब्ध नहीं करा रहा है जबकि अनुबंधित बसों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। निगम को धीरे-धीरे दीमक की तरह खत्म किया जा रहा है। बैठक में विभागीय बस बेड़ा शीघ्र बढ़ाने, सीएनजी बसों की अपेक्षा संचालन में निगम की बसों को प्राथमिकता देने, समय संचालन कक्ष में हो रहे भेदभाव को खत्म करने, अन्य डिपो की भांति काठगोदाम डिपो में परिचालकों के बैग मार्ग से आने के बाद जमा कराने जैसी मांगें उठाई गई। उन्होंने कहा कि अनुबंधित सीएनजी और वाल्वो बसों में एक ही चालक से डबल ड्यूटी कराई जा रही है जिससे यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। इसकी डिपो में समीक्षा की जाय। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष मनोज भट्ट और संचालन मंत्री कमल धामा ने किया।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत केंद्रीय योजनाओं की दी जानकारी

शिमला, 4 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत सोमवार को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों के ग्राम पंचायतों में विभिन्न केंद्रीय योजनाओं की जानकारियां लोगों तक पहुंचाई गई। इस राष्ट्रव्यापी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' अभियान का मुख्य उद्देश्य उन लोगों तक पहुंचना है जो सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए एक सशक्त माध्यम है।

आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की आईईसी गाड़ियां केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर ऊना विकास खंड की ग्राम पंचायत चताड़ा पहुंची। इस मौके पर गांव के बच्चों ने मनमोहक रंगोलिया बनाकर इस यात्रा का भव्य स्वागत किया। जबकि ग्राम पंचायत प्रधान नीलम कुमारी के साथ -साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी इस यात्रा में पहुंचकर केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की। इस मौके पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में लोगों को जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर खूब समां बांधा।

इस रथ यात्रा में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी भी विशेष रूप से पहुंचे और उन्होंने अपने अनुभव को अधिकारियों के साथ साझा किए। ग्राम पंचायत की प्रधान नीलम कुमारी ने बताया कि केंद्र सरकार की कई योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को सीधे तौर पर मिल रहा है जबकि कई ग्रामीणों को इन योजनाओं के लिए नामांकित करने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के जो लोग विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने से वंचित चल रहे हैं उन्हें इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं की रूपरेखा साझा करते हुए लाभार्थी बनाया जा सकता है।

# मुख्यमंत्री धामी ने 18 जीआई प्रमाण पत्रों का किया वितरण

**देहरादून,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 18 जीआई प्रमाण पत्रों का वितरण किया। राज्य के 27 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में जीआई प्रमाण पत्रों का वितरण किया। उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य है, जिसे एक दिन में सबसे अधिक 18 जीआई प्रमाण पत्र मिले हैं।

अब तक उत्तराखण्ड के कुल 27 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। राज्य को जो 18 नये जी.आई प्रमाण पत्र मिले हैं। उनमें उत्तराखण्ड चैलाई, झंगोरा, मंडुआ, लाल चावल, अल्मोड़ा लखोरी मिर्च, बेरीनाग चाय, बुरांस शरबत, रामनगर नैनीताल लीची, रामगढ़ आड़ू, माल्टा, पहाड़ी तोर, गहत, काला भट्, बिच्छूबूटी फैब्रिक, नैनीताल मोमबत्ती, कुमांऊनी रंगवाली पिछोड़ा, चमोली रम्माण मास्क तथा लिखाई वुड कार्विंग शामिल हैं। उत्तराखण्ड के नौ उत्पादों तेजपात, बासमती चावल, ऐपण आर्ट, मुनस्यारी का सफेद राजमा, रिंगाल क्राफ्ट, थुलमा, भोटिया दन, च्यूरा ऑयल तथा ताम्र उत्पाद को पहले ही जी.आई टैग प्राप्त हो चुका है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच के कारण ही आज भारत सरकार से उत्तराखंड के 18 उत्पादों को भौगोलिक संकेतक टैग युक्त प्रमाण पत्र मिल पाए हैं।

- उत्तराखण्ड बना पहले जीआई टैग वाला राज्य
- उत्तराखण्ड के कुल 27 उत्पादों को जीआई टैग मिला

जिन उत्पादों को जीआई टैग प्रमाण पत्र प्रदान किये गये, उनके उत्पादकों को भी मुख्यमंत्री ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज का दिन उत्तराखण्ड के लिए ऐतिहासिक है। 2003 में जीआई कानून बनने से लेकर 2023 तक के बीस वर्षों के सफर में पहली बार एक दिन में, एक साथ किसी राज्य के 18 उत्पादों को जीआई प्रमाण पत्र निर्गत किये गए हैं। इस उपलब्धि से उत्तराखंड के पहाड़ी व्यंजनों के साथ ही कई अन्य वस्तुओं तथा इनसे संबंधित कलाकारों को काफी लाभ होने के साथ ही दुनियाभर में उत्तराखंड को अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने आशा व्यत्तफ की कि जीआई टैग युत्तफ उत्तराखण्ड के उत्पादों का निर्यात तेजी से बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत बनाने के प्रयासों को इससे और मजबूती मिलेगी। कृषि एवं उघान मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखंड के लिए आज का दिन बेहद हर्ष का दिन है।

उन्होंने कहा उत्तराखण्ड के मोटे अनाज मण्डुआ, झंगोरा, लाल चावल सहित 18 उत्पादों को एक साथ भौगोलिक सकेंतक (जीआई टैग) प्राप्त हुए हैं। इस अवसर पर उत्त्राखण्ड मण्डी परिषद एवं विपणन बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल डब्बू, प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार भाष्कर खुल्बे, सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, पद्मश्री एंव जीआई विशेषज्ञ रजनीकांत, महानिदेशक कृषि रणवीर सिंह चैहान, और वर्चुअल माध्यम से भारत सरकार के महानियंत्रक प्रो. उन्नत पी. पंडित उपस्थित थे।

# प्रादेशिकी

## डाक पार्सल ट्रक ने मारी बाइक में टक्कर, युवक की मौत

**फर्रुखाबाद,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। भवन निर्माण के लिए सरिया लेनें साइकिल से जा रहे युवक को हाई-वे पर डाक पार्सल ट्रक नें कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आक्रोशित परिजनों नें जाम लगा दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुर निवासी स्वामी दयाल के मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। सोमवार सुबह लगभग 9 बजे उनका 18 वर्षीय पुत्र हरीओम साइकिल से जैनापुर सरिया लेनें गया गया था। उसी दौरान इटावा-बरेली हाई-वे पर उसको डाक पार्सल ट्रक नें कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर मृतक की मां संगीता आदि परिजन मौके पर आ गएं उनमे चीत्कार मच गई। मृतक तीन भाईयों में सबसे बड़ा था। आक्रोशित परिजनों नें मौके पर ही शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस नें जमापुर व डबरी से रूट डायबर्ड कर दिया।

# बेटियों का सहारा बनी विवाह योजना

**लखनऊ,** 4 दिसबर (देशबन्धु)। प्रदेश की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक पिता की तरह आगे बढ़कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने बेटियों की पढ़ाई की व्यवस्था की है तो उनके हाथ पीले करने की जिम्मेदारी भी पूरी प्रतिबद्धता से निभा रहे हैं। इसी क्रम में शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हर वर्ग की बेटियों का सहारा बन रही है।

इस योजना के तहत समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश भर में स्थित जनपदों में सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रदेश भर में 109883 बेटियों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इस लक्ष्य के सापेक्ष नवम्बर में हुए समारोह में शुभ मुहूर्त में प्रदेश भर में 11,489 सामूहिक विवाह संपन्ना करवाए गए हैं, जबकि दिसम्बर और जनवरी में 50,000 शादियां करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी जनपदों को बजट भी आवंटित कर दिया गया है। अभी तक लगभग 68,825 आवेदन आ चुके हैं। वहीं ऑनलाइन पोर्टल पर हर दिन करीब



- **नवम्बर में 11,489 सामूहिक विवाह संपन्न**
- **दिसम्बर-जनवरी में पचास हजार शादियों का लक्ष्य**

1000 आवेदन आ रहे हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जरूरतमन्द निराश्रित/ निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या/ विधवा/ परिव्यक्ता/ तलाकशुदा महिलाओं का विवाह करवाया गया है। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति/जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग के, अल्पसंख्यक वर्ग और सामान्य वर्ग के जोड़ों को लाभान्वित कराया गया है। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण विभाग असीम अरुण की उपस्थिति में कन्नौज में, सांसद मेनका गांधी की उपस्थिति में सुल्तानपुर में, सांसद घनश्याम सिंह लोधी व कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख की उपस्थिति में रामपुर में, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा द्वारा शामली में, केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी की उपस्थित में महराजगंज में, गाजीपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, चंदौली, मऊ समेत कई जनपदों में वर-वधु का विवाह संपन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रत्येक वर-वधू को उपहार सामग्री एवं प्रमाण-पत्र वितरित किया। सामूहिक विवाह समारोह में दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 35000 रुपए सहायता राशि अंतरित की गई। वहीं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कपड़े, बिछिया, पायल, बर्तन आदि पर 10 हजार रुपए खर्च किए गए।

विधवा, परित्यक्ता/ तलाकशुदा के मामले में 5000 रुपए तक की वैवाहिक सामग्री दी गई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 6000 प्रति जोड़ा व्यय किया गया। योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन व`बसाइट https://cmsvy.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं।

### ऑफ लाइन आवेदन को खत्म कर ऑनलाइन की शुरू की व्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण का प्रयास है कि समस्त निराश्रित, निर्धन और जरूरतमंद बेटियों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने योजना की पारदर्शिता के लिए ऑफलाइन आवेदन को खत्म कर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू की है। इससे जहां पात्रों को सहूलियत हो रही है, वहीं बिचौलियों का काम भी खत्म हो गया है। वहीं विवाह के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर ही विवाह की तारीख और सूचना एसएमएस से भेजी जा रही है। यही वजह है कि पोर्टल बनने के बाद अगस्त से अभी तक 68,825 आवेदन ऑनलाइन आ चुके हैं। इस योजना के तहत कन्या का बैंक खाता होना अनिवार्य है। इन खातों को आधार कार्ड से लिंक करवाया जा रहा है।

## तीन राज्यों में जीत पर पालिका अध्यक्ष ने लड्डू बांटे

**मवाना,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। मवाना। भारतीय जनता पार्टी की मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ तीनों राज्यों में ऐतिहासिक विजय के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मवाना के पदाधिकारियों ने भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक को लड्डू खिलाए और कार्यकर्ताओं में मिठाई का वितरण किया। नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री मोदी के देश में सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास व जनमानस के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का परिणाम है। भाजपा की इस जीत की खुशी में पूर्व सभासद शाह आलम ने भी मिठाई का वितरण किया।

वहां पर चेयरमैन अखिल कौशिक, सुभाष दीक्षित, पूर्व सभासद शाहआलम, सुधा चौहान, रवि गोला, लाखन चौहान, मधुर, सभासद वाजिद, संजय, वरुण, उमेश, फिरोजा प्रवीन, व नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर भाजपा मेरठ जिला कोषाध्यक्ष नीरज गोयल ने कहा कि तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर खुशी मनाई। अब देश ही नहीं, विदेशों में भी भारत के नेतृत्व की प्रशंसाा की जाने लगी है।

# धान व बाजरा की खरीद में तेजी ला रही उत्तर प्रदेश सरकार

**लखनऊ,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार उनकी पैदावार का उचित मूल्य प्रदान कर अपनी प्रतिबद्धता निभा रही है। इसके तहत सरकार ने 27 नवम्बर तक 4708 क्रय केंद्रों के माध्यम से 103529 किसानों से 6.75 लाख मीट्रिक टन (निर्धारित लक्ष्य का 9.65 प्रतिशत) धान की खरीद की है। साथ ही 1182 करोड़ रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है। वहीं, श्री अन्न की खरीद में भी तेजी लाते हुए अब तक 373 क्रय केंदों से 1.54 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई है। इसके एवज में 29278 किसानों को 336.77 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। प्रदेश में धान प्रति केंद्र औसत खरीद लगभग 143 मी0 टन है। भारतीय खाद्य निगम, यूपीपीसीयू, पीसीएफ और यूपीएसएस की प्रति केंद्र औसत खरीद में प्रगति लाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश में कुल 5104 क्रय केंद्र संचालित है, जिसके सापेक्ष 4712 केन्द्रों पर खरीद प्रारम्भ है, जबकि 392 केन्द्रों पर भी जल्द खरीद शुरू होने की संभावना है। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य धान कॉमन रुपए 2183 प्रति कुं./ग्रेड-ए-रू-2203 प्रति कुं. है। प्रदेश सरकार ने इस वर्ष 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीद लक्ष्य व 4000 क्रय



- **27 नवम्बर तक 103529 किसानों से 6.75 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीद**
- **1182 करोड़ रुपए का हुआ भुगतान**

केंद्र संचालित किया जाना निर्धारित है। प्रदेश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 1628 क्रय केन्द्र एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 3476 क्रय केन्द्र ऑनलाइन संचालित है। अन्न की खरीद की बात करें तो इस बार की तुलना में गत वर्ष प्रदेश में 8532 किसानों से कुल 0.44 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई थी। बाजरा खरीद हेतु प्रदेश के 40 जनपदों में 381 क्रय केंद्र संचालित किए गए है, जिनमें से 305 केन्द्रों पर खरीद हो रही है। माईनर मिलेट्स (कोदो) की खरीद जनपद सोनभद्र में की जा रही है। ऑनलाइन कृषक पंजीकरण 1 अगस्त, 2023 से प्रारम्भ है।

## सार संक्षेप

### वैंक्टेश्वरा सेतू उपरिगामी पैदल पथ ब्रिज का शिलान्यास हुआ

**मेरठ/अमरोहा।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित श्री वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के मुख्य द्वार के सामने भगवान वैंक्टेश्वरा की अनुकम्पा एवं केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री भारत सरकार नितिन गड़करी के अनुमोदन के बाद पैदल फुटओवर ब्रिज वैंक्टेश्वरा उपरिगामी सेतू का शानदार शिलान्यास/भूमि पूजन किया गया। लगभग दो करोड़ की लागत से बनने वाला यह ओवरब्रिज मार्च 2024 में विश्वविद्यालय/हॉस्पीटल कर्मचारीयों एवं आमजनता को समर्पित हो जायेगा। यह बात शिलान्यास के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रबंधक ललित तिवारी ने कही। तिवारी ने बताया कि यह ''वैंक्टेश्वरा सेतु' अभी तक बने सभी फुटओवर ब्रिज में सबसे सुरक्षित एवं शानदार होगा। श्री वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने बनने वाले इस फुटओवर ब्रिज का शिलान्यासध् भूमि पूजन ज्योतिष समयानुसार अपराह्न 1:30 बजे समूह चेयरमेन डॉ.सुधीर गिरी, राष्ट्रीय राजमार्ग के प्रबंधक ललित तिवारी, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, सीईओ अजय श्रीवास्तव, एन.एच. के अधिकृत कॉन्ट्रेक्टर डी.एस. वशिष्ट आदि ने विधिवत पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर किया।

### प्राइवेट अस्पतालों के खिलाफ आमरण अनशन

**मेरठ।** सोमवार को सपा विधायक अतुल प्रधान प्राईवेट अस्पतालों की लूट के खिलाफ आमरण अनशन पर बैठे। उन्होंने कहा कि ये आंदोलन मुकदमे की वापसी के लिए नहीं बल्कि निजी अस्पतालों में जो लूट मची हुई है। उसे बंद कराने के लिए है। हमारा आंदोलन जनता के लिए है, इसमें सभी संगठन हमारे साथ हैं, जनता की जीत होगी हमें उम्मीद है। जरूरत पड़ी तो अनशन आगे भी बढ़ाएंगे। कहा कि भाजपा के नेता इन लुटेरों के साथ उनकी गोद में बैठ जाएं और इन लुटेरों के साथ नाचें। कहा कि न्यूटिमा अस्पताल 2014 से बना है, बिना नक्शा पास कराए अस्पताल चल रहा है, भले उन्हें 4 सप्ताह का स्टे मिल गया है, लेकिन अस्पताल तो 2014 से अवैध तरीके से चल रहा है। अतुल प्रधान के ऊपर न्यूटिमा अस्पताल प्रकरण में डॉक्टरों की तरफसे मुकदमा कराया गया है। इसी के विरोध में सपा विधायक समर्थकों संग आमरण अनशन पर बैठ रहे हैं। दीपावली से पहले ही विधायक ने अनशन पर बैठने की चेतावनी दी थी। 20 दिन से ज्यादा का समय गुजरने के बाद भी मामला शांत नहीं हुआ है। अतुल के समर्थक कलेक्ट्रेट में ट्रेक्टर लेकर घुस गए और वहीं डेरा जमा लिया है। वहीं माहौल न बिगड़े इसलिए भारी पुलिस फोर्स का इंतजाम भी किया गया है।

### सैनिक स्कूल में भारतीय नौसेना का स्थापना समारोह आयोजित

**अमेठी।** अमेठी के सैनिक स्कूल में सोमवार को भारतीय नौसेना का 53वें स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीसी यूनिट प्रयागराज के कमांडर रवि मिश्र थे। विशिष्ट अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक। अमेठी सैनिक स्कूल की लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक ने बताया कि भारतीय नौसेना के 53वें स्थापना दिवस के अवसर पर सैनिक स्कूल अमेठी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले सैन्य छात्र बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किए।

# सरकार की पहल कृषि उद्यमिता का स्वरूप बदलेगी : कुंवर शेखर विजेन्द्र

**मेरठ,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। शोभित विश्वविद्यालय ने नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च मैनेजमेंट नेशनल एग्रीकल्चर हायर एजुकेशन प्रोजेक्ट/जीबी पंत यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलॉजी पंतनगर एवं आईसीएआर के साथ मिलकर कृषि क्षेत्र में नवाचारी तकनीक की पहचान में एक और नया कदम उठाया है। जिसके अंतर्गत विवि ने 10 दिवसीय ड्रोन टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण देकर सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत कर दी है। शोभित विवि, जीबी पंत यूनिवर्सिटी पंतनगर, सरदार पटेल एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी मेरठ एवं शोभित यूनिवर्सिटी गंगोह के छात्र ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम में आईएफएफएसआर के निदेशक डॉ सुनील कुमार बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज का कृषि क्षेत्र पहले वाला कृषि क्षेत्र नहीं रहा है। आज टेक्नोलॉजी के आने से पिछले दो दशकों से कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं जिसमें ड्रोन टेक्नोलॉजी मुख्य है। शोभित विवि के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने कहा कि यह सर्टिफिकेट ट्रेनिंग प्रोग्राम अपने आप में पहला ऐसा कार्यक्रम है जो हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जारी की गई नमो ड्रोन दीदी योजना के तुरंत बाद आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारत सरकार ने 15000 महिलाओं को ड्रोन टेक्नोलॉजी में प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का जो संकल्प लिया है वह निश्चित रूप से भारत के कृषि उद्यमिता का स्वरूप ही बदलकर रख देगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चर रिसर्च मैनेजमेंट, हैदराबाद के डॉ एस के सोम ने पीपी मॉडल (पब्लिक एंड प्राइवेट मॉडल) को अपने पर बोल दिया उन्होंने कहा कि आईसीएआर ने पिछले कुछ समय में बहुत कुछ किया है क्योंकि यह बहुत मुश्किल है कि हम लोगों को एक साथ लाकर उनके अंदर भरोसा पैदा करें। संयोजक एवं स्कूल आफएग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक प्रो. डॉ.सहदेव सिंह ने कहा कि आज कृषि का क्षेत्र बहुत बड़े-बड़े क्रांतिकारी बदलावों से गुजर रहा है। उन्होंने बताया कि आज के समय में कृषि चार मुख्य कारकों पर निर्भर कर रही है जो की सरकार की बेहतर नीतियां, टेक्नोलॉजी, फाइनेंस एवं उद्यमिता है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल आफ इंजीनियरिंग के डीन प्रोफेसर डॉ. वी के त्यागी जी द्वारा सभी उपस्थित अथिथियों एवं ट्रेनीज को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर सभी विभागों के निदेशक एवं शिक्षक गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सोनम आर्य, डॉ. मनोज, डॉ. अंजलि तोमर, आशीष त्यागी का विशेष योगदान रहा।




- **ड्रोन टेक्नोलॉजी इन एग्रीकल्चर पर ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत**
- **नवाचारी तकनीक की पहचान में शोभित विवि का एक और कदम**
- **कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलावों में ड्रोन टेक्नोलॉजी मुख्य : डा. सुनील कुमार**

### विकसित भारत संकल्प यात्रा

# सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं लाभार्थी : श्रुति शर्मा

**मेरठ,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत सरकार के प्राथमिकता कार्यक्रमों में से एक 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर समस्त विकास खण्डो में कार्यक्रमों को आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को विकास खण्ड जानी के ग्राम अमानुलापुर व ग्राम सतवई में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रुति शर्मा ने कहा कि गांव के सभी व्यक्तियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लेना चाहिए और लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को श्रुति शर्मा द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार भी वितरित किया। इस अवसर पर एडीओ, ग्राम सचिव, ग्राम प्रधान, नॉडल अधिकारी शिवकुमार मिश्रा समेत विभागीय स्टॉलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।



- **जानी ब्लॉक के कई गांवों में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन**
- **26 जनवरी 2024 तक चलेगी संकल्प यात्रा**

# पीएनबी में फर्जी चेक से 16.60 लाख की ठगी

**मवाना,** 4 दिसम्बर (देशबन्धु)। मवाना पंजाब नेशनल बैंक में एक सेवानिवृत्त शिक्षक के खाते से फर्जी चेक से 16.60 लाख रुपए निकाल लिए गए। सोमवार को इस मामले में जानकारी करने गए रिटायर शिक्षक की प्रबंधक से नोक-झोंक हो गई। बाद में प्रबंधक ने रिटायर शिक्षक को लिखकर दिया कि अभी इस मामले की जांच हो रही है, जांच पूरी होने पर जानकारी दी जायेगी। उधर जिस चेक नम्बर से 16.60 लाख रुपये निकाले गये हैं, वह खाता धारक के पास चेक बुक में कोरा रखा हुआ है। इसी कारण बैंक प्रबंधक ने माना कि खाताधारक के पास फ्रॉड हुआ है। मवाना पंजाब नेशनल बैंक मवाना में मुजफ्फरनगर जिले की खतौली तहसील के गांव खानपुर निवासी रणवीर सिंह का खाता 0317000100182559 हैं। वह सात नवम्बर 23 को बैंक पहुंचे और पास बुक में प्रविष्टि कराई तो पता चला कि उनके खाते में केवल चार हजार शेष है। उनकी सेवानिवृति के बाद फंड का पैसा इसी खाते में जमा था। उन्होंने मवाना व नागौरी कालेज में शिक्षक पद पर नौकरी की है। इस बारे में उन्होंने बैंक प्रबंधक से बात की तो उन्होंने बताया कि उनको जारी चेक नम्बर 219946 से 16.60 लाख रुपए हरियाणा जिले की कुंडली शाखा में लगाया गया और उस चेक के माध्यम से उक्त धन निकाला गया है। उन्होंने बैंक प्रबंधक से लिखित में शिकायत की। प्रबंधक रोहित शर्मा ने बताया कि उन्होंने खाता धारक रणवीर की शिकायत को क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ और जोन कार्यालय हरियाणा को मेल से भेज दी है। सोमवार को खाता धारक अपने साथियों शिक्षक नेता नरेश पाल के साथ बैंक पहुंचे और जांच की प्रगति जानी। खाता धारक ने वही कोरा चेक प्रबंधक को दिखाया, जिस नम्बर के चेक से फ्राड किया गया है। इस मामले को लेकर प्रबंधक रोहित शर्मा व उन दोनों के बीच नोक झोंक हो गई। बाद में प्रबंधक रोहित शर्मा ने माना कि खाता धारक के साथ फ्राड किया गया है। उनके पास उस नम्बर को कोरा चेक इस बात का सुबूत है। प्रबंधक ने बताया कि उन्होंने अपने क्षेत्रीय कार्यालय को पूरी जानकारी दे दी है। उच्च अफसरों ने कहा कि खाता धारक को लिखकर दे दो कि इस केस की जांच हो रही है। जांच के बाद उन्हें पूरी जानकारी दे दी जाएगी।




- **रिटायर्ड शिक्षक के खाते से निकाली रकम**
- **प्रबंधक से हुई नोक-झोंक, क्षेत्रीय कार्यालय से जांच शुरू**
- **पंजाब नैशनल बैंक मवाना का मामला**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जानी खुर्द (मेरठ)

**पत्रांकः** 2000/लेखा/सांसद निधि/2023–24 **दिनांकः** 04–12–2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत सप्लायरों/ठेकेदारों से विकास खण्ड जानीखुर्द (मेरठ) में सांसद निधि योजनान्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु सील बन्द निविदांए दिनांक 14.12.2023 को अपरान्ह 3.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में आमंत्रित की जाती हैं। सभी प्राप्त निविदाएं उसी दिन सांय 3.30 बजे उपस्थित आपूर्तिकत्ताओं के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत की जा सकती है। सामग्री आपूर्ति/कार्य की मात्रा बिल ऑफ क्वालिटी के अनुसार होगी जिसकी मात्रा घट/बढ़ सकती है। निविदा जमा करने से पूर्व आपूर्तिकर्त्ता को 02 प्रतिशत धरोहर राशि एफ0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत प्रपत्र के रूप में जमा करनी होगी, जो खण्ड विकास अधिकारी जानीखुर्द के पदनाम से बन्धक होगी। शेष 08 प्रतिशत धनराशि एफ0डी0आर0/राष्ट्रीय बचत प्रपत्र के रूप में अनुबन्ध के समय जमा करनी होगी। आयकर तथा जी0एस0टी0/लेबर सैस नियमानुसार देय होगा। निविदा प्रपत्र के साथ फर्म का पंजीयन प्रमाण पत्र, श्रम कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र, पैन न0, जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन न0, हैसियत प्रमाण पत्र, शपथ पत्र फर्म की मोहर सहित/हस्ताक्षर सहित संलग्न करना अनिवार्य है। जिन ठेकेदारों के निविदा/टेण्डर स्वीकृत होंगे उन्हें स्वीकृत निविदा/टेण्डर के सापेक्ष प्रत्येक कार्य का लेबर विभाग में रजिस्ट्रेशन कराकर प्रमाण पत्र लेखाकार को उपलब्ध कराना अनिवार्य है। प्रमाण–पत्र जमा न कराने की स्थिति में निविदा/टेण्डर निरस्त माना जायेगा। कार्य सम्बन्धी एवं अन्य जानकारी कार्यालय में श्री सुधीर कुमार शर्मा, अवर अभियंता (आर0ई0डी0) से प्राप्त की जा सकती है। अवकश/अपरिहार्य की स्थिति में निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | मद का नाम | कार्या का विवरण | कार्य की लम्बाई (मी0में) | अनुमानित लागत (लाख रू0में ) | धरोहर धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0( रू0 | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सांसद निधि | ग्राम रावा में कृष्णपाल प्रजापति के आवास से धीरज स्वामी के आवास की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य। | 72 मी0 | 7.99 | 16000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 2 | सांसद निधि | ग्राम जमालपुर माजरा में पंचायत सचिवालय से उषादेवी के आवास की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य। | 128 मी0 | 8.00 | 16000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 3 | सांसद निधि | ग्राम डिमौली में प्राईमरी स्कूल से बाबा जहारवीर मन्दिर की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य। | 150 मी0 | 9.95 | 20000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 4 | सांसद निधि | ग्राम सोहरका में फूल कुमार पुत्र रतन के आवास से बाबा मोहनराम मन्दिर की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य। | 160 मी0 | 9.99 | 20000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 5 | सांसद निधि | ग्राम किठौली में चौधरी रूबे के मकान से विनोद प्रजापति के मकान की ओर इन्टरलॉकिंग टाईल्स कार्य। | 51 मी0 | 6.99 | 14000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 6 | विधायक निधि | ग्राम गेझा में मन्दिर के पास एक एल0ई0डी0 सेमी हाई मास्टर लाईट की स्थापना | 1 | 1.398 | 3000.00 | 500+जी0एस0टी0 | 03 माह |

अवर अभियंता आर0ई0डी0 जानीखुर्द (मेरठ)।

खण्ड विकास अधिकारी जानीखुर्द (मेरठ)।

